इंदौर
गुरुवार
26 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 162

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

300 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को 40 हजार रुपए मिलेंगे



आज अखिलेश लाएंगे सपा का घोषणा पत्र

लखनऊ ● एजेंसी

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज सपा का चुनावी घोषणा पत्र जारी करेंगे। इस घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए 40,000 रुपए सालाना पेंशन और स्वरोजगार के लिए 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का वादा कर सकती है। पार्टी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा भी कर सकती है। युवा वोटरों को मुफ्त मेट्रो सफर, गरीबों को 2 लाख तक का मुफ्त इलाज, किसानों की कर्जमाफी, 12वीं पास विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटॉप जैसे कई वादे किए जाएंगे।

सपा को वोट ज्यादा, भाजपा को सीट ज्यादा

उत्तरप्रदेश चुनाव को लेकर एक सर्वे आया है जिसके मुताबिक भाजपा को 177-215 और सपा को 160-202 सीटें मिल सकती हैं। जबकि कांग्रेस को सिर्फ 2 सीटें मिलेंगी। सर्वे के मुताबिक भाजपा को करीब 36 प्रतिशत वोट मिलेंगे और सपा को 37 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं।

कांग्रेस को दूसरा झटका देने की तैयारी में सपा

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर खींचतान चल रही है। सपा 5 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है और 26 सीटों पर भी जल्द ही प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

150 विधायकों के टिकट काटेगी भाजपा

लखनऊ.एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए भाजपा आधे से अधिक मौजूदा विधायकों के टिकट काटने की तैयारी कर रही है। पार्टी के आंतरिक सर्वे में 150 से अधिक सीटों पर विधायकों के खिलाफ नाराजगी सामने आने की बात कही गई है।

पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा, 31 की मौत 21 घायल, 27 गाड़ियां जलकर राख



काहिरा.एजेंसी। मिस्र के गीजा स्थित अल-वर्राक इलाके में पेट्रोलियम उत्पाद ले जा रहा एक वाहन पलट गया, जिसके बाद भीषण आग लग गई। हादसे में 31 लोगों की मौत और 21 लोग घायल हुए। आग की चपेट में आने से कार और मोटरसाइकिल समेत 27 वाहन जलकर खाक हो गए। इन वाहनों में कई लोग फंस गए जिन्हें बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। मारे गए कई लोगों के शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि वह पहचान में ही नहीं आ रहे।

होटल में खाना खा रहे 4 युवकों की गोली मारकर हत्या

रोहतक ● एजेंसी

हरियाणा के रोहतक में खरावड़ स्थित मिलन होटल में बदमाशों ने चार युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी। चारों युवक सन्नी गैंग से जुड़े थे और वारदात को भाऊ गैंग से जुड़े बदमाशों द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका है। स्विफ्ट कार में सवार होकर पांच हथियारबंद बदमाश मौके पर पहुंचे और खाना खा रहे युवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। गोलियों की आवाज से ढाबे पर भगदड़ मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए कई मिनट तक मौके पर घूमते रहे और फिर फरार हो गए।

पटरी पर रखा था स्लीपर, टला रेल हादसा

सरहिंद.एजेंसी। पंजाब में दिल्ली-अमृतसर रेल मार्ग पर सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का स्लीपर रखे होने का मामला सामने आया है। समय रहते इसकी जानकारी मिलने से बड़ा हादसा टल गया। रेलवे पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 150 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टक्कर में 4 मरे, 8 घायल

अनंतपुर.एजेंसी। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में लॉरी और एसयूवी गाड़ी की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा याडिकी मंडल के रायालचेरुवु के पास हुआ।

तिरुपति बालाजी को आज चढ़ेगा 160 करोड़ का सोना

तिरुपति.एजेंसी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित तिरुमला मंदिर में आज सोने की एक बड़ी भेंट दी जाएगी। एक गुमनाम भक्त भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के लिए 121 किलो सोने के आभूषण दान करेगा। इनकी अनुमानित कीमत करीब 160 करोड़ रुपये है। इस खास मौके पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहेंगे।

60 साल पुराना जहरीला विस्फोटक उड़ाया

आयोवा.एजेंसी। अमेरिका के आयोवा राज्य में सेना ने करीब 60 साल पुराने 5 टन जहरीले विस्फोटक को धमाके से नष्ट कर दिया। धमाके के बाद आसमान में सफेद और ग्रे रंग के धुएं का गुबार उठा। इस जहरीले धुएं के कारण बड़ी तादाद में लोगों को हटा दिया गया और कई लोग घर से बाहर नहीं निकले।

किम जोंग ने राजदूत को भगाया

गुरुवार.एजेंसी। उत्तर कोरिया के तानाशाह की किम जोंग उन ने स्विट्जरलैंड के राजनयिक प्रतिनिधि को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश देकर प्योंगयांग स्थित स्विस कार्यालय बंद करने को कहा है। विवाद की वजह वॉनसन के सॉन्गडोवॉन इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स कैंप पर स्विट्जरलैंड का प्रतिबंध है।

रिंकू सिंह की शादी में पहुंचेंगे मोदी

लखनऊ.एजेंसी। सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह इसी साल 4 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। लखनऊ के होटल रमाडा में उनका भव्य विवाह समारोह होगा, जिसकी मेहंदी-पूजा की रस्में 3 दिसंबर से शुरू हो जाएंगी। इस शादी में मोदी-योगी समेत 2000 मेहमान आएंगे।





आज 26/11 की बरसी...

मुंबई.एजेंसी। मुंबई पर हुए सबसे बड़े आतंकी हमले 26/11 की आज बरसी है। 18 साल पहले 2008 में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने ताज होटल सहित कई जगह बड़ा हमला किया था। इन हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें कई विदेशी नागरिक भी थे। हमले में मारे गए लोगों को आज याद किया जा रहा है। हमले के एक आरोपी अजमल कसाब को फांसी पर लटकाया जा चुका है, लेकिन हमले की साजिश रचने वाले पाकिस्तानी आकाओं पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

1 दिसंबर से भाजपा का 'सेवा दूत' अभियान

नई दिल्ली.एजेंसी। प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने पर भाजपा 1 से 25 दिसंबर तक देशभर में 'सेवा दूत' अभियान चलाएगी। इसके तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता विधानसभा क्षेत्रों में रहकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे और योजनाओं का फीडबैक लेंगे। उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे चुनावी राज्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मध्याह्न भोजन में मिलेंगे दाल-बाफले, रंगीन चपाती और भुट्टे का कीस

भोपाल.एजेंसी। मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब बच्चों की थाली में सिर्फ दाल-रोटी और सब्जी ही नहीं, बल्कि भुट्टे का कीस, दाल-बाफला, सेव-टमाटर की सब्जी, दाल-पानिया और बाजरे की राबड़ी जैसे लजीज पारंपरिक व्यंजन भी परोसे जाएंगे। सप्ताह में एक बार खाने का मेन्यू बदलेगा।

अनंत सिंह के महाभोज में खाने के लिए मची लूट

मोकामा.एजेंसी। अनंत सिंह की बेटी शिवांगी की शादी में भीड़ का ऐसा सैलाब उमड़ा कि महाभोज में सभी इंतजाम चरमरा गए। करीब चार लाख लोगों के खाने की तैयारी के दावे के बीच पत्तल हवा में उछालकर बांटने की नौबत आ गई। किसी ने जहां जगह मिली वहीं बैठकर खाना शुरू कर दिया तो कुछ लोग हाथ से ही बर्तनों से भोजन निकालते दिखे। खाने के लिए लोग लूटपाट करते दिखे।



विजयवर्गीय ने डेयरी पर पनीर और मावा का लिया लुत्फ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल लोधीपुरा में हंसराज जैन के यहां निधन के बाद बैठने पहुंचे थे साथ ही वे लोधीपुरा-मुकेरीपुरा स्थित नीलेश नीमा डेयरी की दुकान पर पहुंचे, जहां नीलेश नीमा की दुकान पर उन्होंने अपने पुराने विधानसभा 4 के साथियों कैलाश मूंगड़, प्रवीण गुप्ता, रुपेश नीमा, राजेश भंडारी, पिंकी नीमा, घनश्याम चौधरी, सुनील गुप्ता, देवेंद्र पोरवाल के साथ पनीर और मावा का लुत्फ लिया। काफी देर तक डेयरी दुकान पर रूककर पुरानी यादें भी ताजा की।

उमंग सिंघार के दिवाली मिलन में इंदौर से भी शामिल हुए नेता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के गंधवानी विधानसभा क्षेत्र में दिवाली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हजारों लोग इस मिलन आयोजन में पहुंचे। इंदौर से सिंघार समर्थक और कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता भी पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव गजेन्द्र वर्मा ने भी शिरकत की। सिंघार ने उन्हें मंच के कार्यक्रम पर बराबर से स्थान दिया। इस दौरान धार जिले के ही बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत भी मौजूद रहे, वे भी इंदौर से ही जुड़े हैं। पूर्व में गजेन्द्र वर्मा ने उमंग सिंघार को अपने निवास पर मिलन के रूप में बुलवाया था, जहां भी वर्मा ने बड़ी ताकत समर्थकों की भीड़ के रूप में जुटाकर दिखाई थी।





भाजपा वार्ड अध्यक्ष का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला वक्फ कमेटी के सचिव और भाजपा नेता साजिद रॉयल ने बताया कि उनके निवास पर विधानसभा 4 के वार्ड 68 भाजपा अध्यक्ष बनने पर शाकीर मुन्ना के स्वागत का आयोजन किया गया था। इस दौरान स्वागत में साजिद रॉयल, अलानूर पहलवान, हाजी जमील, जिशान खान, नावेद खान, जावेद खान, अली हमजा सहित अन्य मौजूद थे।

विहार में महासती के साथ चले मंत्री

चातुर्मास पूर्ण होने पर पितृ पर्वत की ओर हुआ पहला विहार





मंत्री के निर्देशन में बनी किताब का विमोचन भी किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

डॉ. कुमुदलता जी महाराज आदि ठाणा 4 का चातुर्मास बिजासन रोड स्थित नरसिंह वाटिका में आयोजित किया जा रहा था। चातुर्मास के प्रारम्भ में जब महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. आदिठाणा 4 का मंगल प्रवेश नरसिंह वाटिका में हुआ था तब भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने बैनर-पोस्टर लगवाए थे और उनकी मौजूदगी भी रही थी। इस चातुर्मास में कई बार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नरसिंह वाटिका में महासती डॉ. कुमुदलता के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। अब जब चातुर्मास नरसिंह वाटिका में पूर्ण हुआ तो महासती डॉ. कुमुदलता और आदिठाणा 4 का पहला मंगल विहार पितृ पर्वत के लिए हुआ। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविका के रूप में जैन समाजजनों ने 9 किलोमीटर का पैदल विहार किया। जैन श्रद्धालुजन सामायिक के वेश में महासती मंडल के साथ पैदल चले और जब महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. और आदिठाणा पितृ पर्वत के समीप पहुंचे तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संपूर्ण परिवार सहित महासती मंडल की अगवानी की और पैदल विहार भी किया। पितृ पर्वत पर हनुमानजी की बडी मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम भी हुआ। मंगलाचरण का आयोजन हुआ। भगवान पार्श्वनाथ का अनुष्ठान मंत्रोच्चार के साथ किया गया। महासती महाप्रज्ञा जी महाराज ने मधुर गीत के साथ सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिनवाणी का अमृत चातुर्मास के प्रवचन संकलन की पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया, जिसका संकलन कैलाश विजयवर्गीय के निर्देशन में अभिमन्यु चौहान आदि द्वारा किया गया। मंत्री विजयवर्गीय ने पुस्तक विमोचन के बाद विवेचना की और कहा कि इस पुस्तक में जीवन संवारने के सूत्र दिए हुए है जो जीवन निर्माण में सहायक है। महासती ने आशीवर्चन भी दिए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, हरिनारायण यादव, दीपक जैन टीनू, सूरज केरो, सावन वर्मा, कपिल शर्मा, आशा विजयवर्गीय, महेश दलोद्रा, राजेश बुलिया उपस्थित थे। वहीं जैन समाज के प्रकाश भटेवरा, डीपीन जैन, रमेश भण्डारी, सुनील चोरड़िया, दिलीप जैन, महावीर नाबरिया, अशोक मंडलीक, प्रदीप रूनवाल भी मौजूद रहे। प्रसादी का आयोजन भी हुआ।



भाजपा अजा मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला भाजपा अजा मोर्चा में नवनियुक्त पदाधिकारियों चन्द्रशेखर छापोला, लेखराज गेहलोत, रवि ओसरे, पवन सोनगरा, राजेश दुगरिया, विनोद भीलवाड़ा का सम्मान जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने किया और मिठाई भी खिलाई।

टंट्या मामा बलिदान दिवस पर छात्रावास में होंगे संवाद कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जनजातीय नायक टंट्या मामा के बलिदान दिवस 4 दिसम्बर को जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ छात्रावासों में संवाद कार्यक्रम होंगे, जिनमें जनजातीय नायक टंट्या मामा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा होगी। इस संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित होंगे।

आज दोपहर सम्भागायुक्त को ज्ञापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर सम्भाग आयुक्त कार्यालय इंदौर पर आदिवासी किसान खेत मजदूर कार्यकर्ताओं द्वारा आज दोपहर 1 बजे किसान आंदोलन में सरकार ने जो वादे किए थे, लिखित समझौता किया था उस पर पालन किए जाने को लेकर और आदिवासी दलित ग्रामीण किसानों की जमीनों की लूट के खिलाफ जंगी प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा, स्थानीय मांगों को लेकर भी संभाग आयुक्त को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा।

तमिलनाडु सरकार को बर्खास्त करने की मांग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने बताया कि माननीय न्यायालय की अवहेलना पर उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर तमिलनाडु सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथून में कार्तिगई दीपम का पारंपरिक दीप प्रज्वलित नहीं होने देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 एवं 24 नवंबर 2026 को दीपथून पर दीप प्रज्वलित करने की अनुमति दिए जाने के बावजूद निर्धारित स्थान पर दीप प्रज्वलित नहीं हो सका। यह घटना देश की न्यायिक व्यवस्था, धार्मिक आस्था और संवैधानिक मर्यादाओं के सम्मान से जुड़ा गंभीर विषय है। इसी मुद्दे पर वाधवानी ने राष्ट्रपति से तमिलनाडु सरकार बर्खास्त करने की मांग की है।



जीतू पटवारी कल जाएंगे द्वारकापुरी की सब्जी मंडी को लगवाने

सोनिला मिमरोट के जेल जाने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सब्जी मंडी व्यापारियों के लिए नया कदम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

फूटीकोठी-रिंगरोड द्वारकापुरी की सब्जी मंडी हटाने के बाद कांग्रेस की दूसरे दिन से ही इन्ट्री शुरू हो गई थी। सबसे पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे की इन्ट्री हुई थी और उसके बाद निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट की दो बार वहां इन्ट्री हो चुकी है और कल मिमरोट ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाकर कर्मचारी पर हाथ उठाने का काम किया उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया, जहां से उन्हें जेल भी भेज दिया गया। अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष का अगला कदम क्या होगा वह पता पड़ेगा, लेकिन इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सीधी इन्ट्री भी हो गई है। अब कल शुक्रवार को जीतू पटवारी इंदौर आकर फूटीकोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी पहुंचेंगे, इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे सहित अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे, जहां व्यापारियों के साथ पटवारी, चौकसे सहित कांग्रेसी सब्जी मंडी लगाने के दौरान शामिल होंगे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि द्वारकापुरी से नगर निगम के द्वारा सब्जी व्यापारियों को हटाया गया है। इन सब्जी व्यापारियों को काफी दूर चंदन नगर में जाकर दुकान लगाने के लिए कहा जा रहा है। यह कार्रवाई करने के पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने घोषणा की थी कि इस सब्जी मंडी को फूटी कोठी के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे लगाया जाएगा। अब नगर निगम अपनी घोषणा से पीछे हट रहा है ऐसी स्थिति में कांग्रेस के द्वारा सब्जी व्यापारियों के हितों के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। कल भी भाजपा के नेताओं के दबाव में इन सब्जी व्यापारियों के लिए आवाज उठाने मैदान में उतरे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज किया और नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को जेल भेज दिया गया। चौकसे ने कहा कि अब इस मामले की लड़ाई लड़ने के लिए कल शुक्रवार को शाम 4 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आ रहे हैं। पटवारी यहां द्वारकापुरी की सब्जी मंडी पर जाएंगे और पुल के नीचे सब्जी व्यापारियों की दुकान खुद खड़े रहकर लगवाएंगे। इस आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पूरे इंदौर के गरीब और पीड़ित नागरिकों को यह संदेश देना चाहती है कि उनके लिए संघर्ष करने के लिए कांग्रेस मैदान में है।

बैंक ने कृष्णबाग में किस आधार पर लोन दिया

बैंक मैनेजर और लोन देने वाले जिम्मेदारों पर हो प्रकरण दर्ज -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि कृष्णबाग कालोनी में जो 42 मकान तोड़े गए हैं उनमें से 20 मकानों पर बैंकों के लोन है। इस पर भी द्विवेदी ने तंज कसा कि अब बैंक अपना लोन और ईएमआई वसूल अभी भी करेंगे, इस पर भी प्रश्न उठाया गया कि बैंक ने किन दस्तावेजों के आधार पर लोन दिया। अगर प्रारंभिक दौर में ही कागजात के आधार सही नहीं थे तो लोन कैसे दिया गया। बिना दस्तावेज परीक्षण करवाए बैंकों ने लोन देकर साजिश को अंजाम दिया है। कारण यह कि लोन मिलने पर यह माना जाता है कि संपत्ति का टाईटल साफ सुथरा है और यह सब एक साज़िश के तहत किया गया ताकि लोग प्रलोभन में आये और इस कालोनी में मकान बने तथा खिलाड़ियों का खेल जमें। बैंक अधिकारियों ने कागजात कैसे देखें, जबकि नोटरी का आम मुख्तयार पर 2006 से रोक है। खसरे में किसान का नाम है तो जमीन डायवर्सन हुआ ही नहीं, डायवर्सन नहीं हुआ तो फिर टीएनसी भी नहीं फिर नक्शा भी नहीं है, तो सवाल यही है कि बैंक अधिकारियों ने कागज क्या देखें, अगर बैंक अधिकारियों ने दस्तावेज परीक्षण नहीं किया तो फिर बैंक लोन कैसे दे दिया, पंजीयन विभाग ने किस आधार पर रजिस्ट्री की यह भी बड़ा प्रश्न है। प्रमोद द्विवेदी ने प्रश्न उठाया कि जब कालोनी गलत काटी गई तो हर वर्ष जो गाइड लाइन दर की बनती है उस गाइड लाइन में कालोनी का नाम कैसे आया।

कांग्रेस पार्षद भदौरिया को लात मारने वाले पर प्रकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

फूटी कोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी हटाए जाने को लेकर कल विवाद ने बड़ा रूप ले लिया था। निगम नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के साथ कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया भी पहुंचे थे। विरोध के दौरान सोनिला



मिमरोट ने जहां हाथ उठाने का कार्य किया था और उन पर प्रकरण दर्ज होने के बाद जेल भी भेजा गया। वहीं विरोध के दौरान राजू भदौरिया को पुलिस और निगम कर्मियों ने टांगा टोली कर पुलिस वाहन में ले जाने



की कोशिश के दौरान एक युवक हिमांशु पाटीदार ने राजू भदौरिया को लात मारी थी वह वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने पार्षद राजू पिता उदयसिंह भदौरिया निवासी मारुति नगर सुखलिया की रिपोर्ट पर लात मारने वाले हिमांशु पाटीदार नामक युवक के खिलाफ़ केस दर्ज किया है। हांलाकि लात मारने के बाद युवक वीडियो बनाकर माफी भी मांग चुका है।

भाजपा आज शाम कराएगी मोघे का उद्बोधन, मनाएगी संविधान गौरव दिवस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज संविधान दिवस है और भाजपा का आज देश और प्रदेश के साथ इंदौर व्यापी भी संविधान गौरव दिवस मनाने का अभियान है। इसी कड़ी में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि आज शाम 5 बजे भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव दिवस मनाया जाएगा। पूर्व महापौर और वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे संविधान दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

आज से तीन दिनों तक संविधान जागरूकता महाअभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज 26 से 28 नवंबर तक तीन दिवसीय संविधान जागरूकता महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। चार प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में हजारों विद्यार्थी प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन जुड़ेंगे। सांसद शंकर लालवानी की विशेष पहल पर इन्दौर के विद्यार्थी लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देंगे। आज रेनेसा लॉ कालेज में भारतीय संविधान के महत्व, उसकी मूल भावना एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क़ेन्द्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी, सांसद शंकर लालवानी,पूर्व न्यायमूर्ति वीएस कोकजे, शिक्षाविद स्वप्निल कोठारी,डॉ. दिव्यादित्य कोठारी अपने-अपने विचार रखेंगे। रेनेसा के बाद आज दोपहर 1:30 बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के वाणिज्य अध्ययनशाला स्थित चाणक्य सभागृह, तक्षशिला परिसर में भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।इसमें भी केन्द्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वहीं कल 27 नवंबर को सिक्का कॉलेज में प्रातः 11 बजे से संविधान आधारित सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य प्रस्तुतियों एवं जानकारीपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक आदर्शों और नागरिक जिम्मेदारियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।तीसरे दिन 28 नवंबर को शासकीय अत्रिदेवी हायर सेकेंडरी स्कूल, सुदामा नगर में प्रातः 11 बजे से विशेष आयोजन होगा। इसमें चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 200 तथा कक्षा 8वीं से 12वीं तक की भाषण प्रतियोगिता में लगभग 150 छात्राएं भाग लेंगी। इसके साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, छात्राओं द्वारा स्वरचित गीतों का गायन, लघुनाटिका एवं संविधान की भावना पर आधारित दो विशाल सामूहिक रंगोलियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यहां सांसद शंकर लालवानी, शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा अतिथि रहेंगे।

आज पहले दिन केन्द्रीय मंत्री दो कार्यक्रम में करेंगे शिरकत, सांसद भी रहेंगे मौजूद

कई कांग्रेस नेताओं की हो चुकी है जेल यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जब चिन्टू चौकसे निगम में नेताप्रतिपक्ष थे तब बच्चों के झगड़े में उन पर 307 का प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया गया था उसके पहले चिन्टू चौकसे सहित अन्य कई कांग्रेसी सरकार गिराने के मुद्दे पर सिंधिया के खिलाफ काले झंडे दिखाने के मामले में जेल जा चुके हैं। इसके बाद पार्षद कंचन गिदवानी से बहस करने पर बंधन शुक्ला को रिपोर्ट कर बंद कराया और वे जेल गए। आनन्द जैन कासलीवाल लगातार बयानबाजी करने में, देवास शराब कांड मामले में उलझे और जेल गए। कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया लगातार बयानबाजी करते रहे तो वे पारिवारिक विवाद अस्पताल में उलझे और जेल यात्रा कर आए। अब सोनिला मिमरोट ने कल सब्जी व्यापारियों के स्थापन में विरोध के अन्तर्गत सरकारी कार्य में बाधा डालकर हाथ उठाया वे भी कल जेल चली गई। कल सोनिला मिमरोट के साथ केवल एक पार्षद राजू भदौरिया ही गिनती के प्रदर्शन में मौजूद थे, बाकी पार्षद नदारद थे और राजू भदौरिया की टांगाटोली भी हुई थी और उन्हें एक युवक ने लात भी मारी थी।

सन्नी और अभिषेक ने कराई जमानत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विनय बाकलीवाल जब शहर कांग्रेस अध्यक्ष थे उस दौरान 2021 में कांग्रेसियों ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। कई बड़े नेताओं ने पूर्व में सरकारी कार्य में बाधा पर जमानत करवा ली थी। कल गिरफ्तारी वारंट के बाद कांग्रेस नेता सन्नी राजपाल और अभिषेक करोसिया ने न्यायालय में पेश होकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत कराई। उल्लेखनीय है कि कल निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट पर भी सरकारी कार्य की बाधा का प्रकरण फूटीकोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी मामले में दर्ज हुआ था और उन्हें न्यायालय ने जमानत नहीं दी और जेल भेज दिया था।

काम के बदले जमीनः स्मार्ट सिटी ने निकाला 36.73 करोड़ का टेंडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महू नाका के एमओजी लाइंस कैंपस में बनेगा 33/11 केवी सबस्टेशन डेवलपर को मिलेगा कमर्शियल प्लॉट का फ्रीहोल्ड अधिकार

इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड ने महू नाका के पास एमओजी लाइंस की सरकारी जमीन के विकास के लिए एक बड़ा टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की खास बात यह है कि इसमें डेवलपर को काम के बदले नकद भुगतान नहीं, बल्कि प्राइम जमीन का फ्रीहोल्ड अधिकार दिया जाएगा। स्मार्ट सिटी द्वारा जारी टेंडर के अनुसार, एमओजी लाइंस लैंड पार्सल-1 (पुराने शासकीय क्वार्टर) के कैंपस में एक्सटर्नल इलेक्ट्रिफिकेशन का काम कराया जाना है।

क्या करना होगा काम?

चयनित डेवलपर को कैंपस में 33/11 केवी एआईएस सबस्टेशन बनाना होगा। इसमें 2×10 एमवीए के पावर ट्रांसफॉर्मर लगेंगे। इसके साथ ही अंडरग्राउंड एचटी/एलटी केबलिंग, आरएमयू-स्काडा नेटवर्क, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का काम भी करना होगा। यह पूरा निर्माण प्रदेश सरकार की री-डेंसिफिकेशन पॉलिसी के तहत सरकारी सुविधाओं के विकास के लिए होगा।

बदले में क्या मिलेगा?

काम के बदले डेवलपर को एमओजी लाइंस-1 के कंपनसेटरी लैंड पार्सल ब्लॉक नंबर-1सी पर फ्रीहोल्ड राइट्स दिए जाएंगे। यह प्लॉट रेजी-कमर्शियल लैंड यूज का है।

- ग्राउंड कवरेज : 968 वर्गमीटर
- परमिसिबल बिल्ट-अप एरिया : 7,805 वर्गमीटर

यानी डेवलपर को महू नाका जैसे प्राइम इलाके में करीब 7,805 वर्गमीटर तक निर्माण करने की अनुमति वाली जमीन मिलेगी।

कितनी है कीमत?

- सीएलपी की रिजर्व प्राइस : 36,73,50,130 रुपये
- सरकारी सुविधाओं के निर्माण की लागत : 27,98,67,148 रुपये (जीएसटी सहित)
- बिड सिक्योरिटी : 91,83,754 रुपये
- टेंडर फॉर्म : 50,000 रुपये

बोली लगाने वाले को सीएलपी के लिए लंप-सम वैल्यू कोट करनी होगी। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को डेवलपर चुना जाएगा।

कब तक कर सकते हैं आवेदन?

टेंडर फॉर्म खरीदने और जमा करने की अंतिम तारीख 21 दिसंबर शाम 5.30 बजे तक है। टेक्निकल बिड 22 दिसंबर को खोली जाएगी। प्री-बिड मीटिंग 27 नवंबर को दोपहर 3 बजे स्मार्ट सिटी कार्यालय, नेहरू पार्क कैंपस में होगी। अधिकारियों के अनुसार, इस मॉडल से सरकार को बिना बजट खर्च किए आधुनिक सबस्टेशन और बिजली नेटवर्क मिलेगा, वहीं डेवलपर को शहर के सबसे प्राइम लोकेशन पर कमर्शियल विकास का अवसर मिलेगा।

तापमान बढ़ा, हवा हुई धीमी, ठंड का असर कम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। इस बार तापमान भी बढ़ गया और हवा की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। इसके परिणामस्वरूप ठंड के तेवर ढीले पड़ गए हैं।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर के तापमान में अचानक उछाल आ गया है। शहर का अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान दोनों ही बढ़ गए हैं। इसके चलते हुए ठंड के तेवर भी कमजोर पड़ गए। कल शहर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले यह 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान में भी परिवर्तन हुआ है। वह भी 10.6 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 12 डिग्री सेल्सियस हो गया है। अधिकतम तापमान बढ़ जाने के कारण धूप के तेवर तीखे हो गए। सुबह 10 बजते ही यह धूप काटने लगी थी। जो लोग ठंड को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़े पहनकर निकले उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

16 टंकी के क्षेत्र में पैदा हो गई पानी की किल्लत

कल दिन भर लीकेज सुधारने के कारण बंद रहा टंकी भरने का काम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज शहर में पानी की 16 टंकी के सप्लाई वाले क्षेत्र में पानी का संकट पैदा हो गया। कल दिन भर लीकेज सुधारने के काम के कारण इन टंकियों में पानी नहीं भरा जा सका।

कल आईपीएस स्कूल के पास राजेंद्र नगर मेन रोड पर 1200 एमएम व्यास की पीएससी ग्रेविटी मेन पाइपलाइन में हुए लीकेज का सुधार कार्य शाम 6:30 बजे तक किया गया। उक्त लीकेज सुधार कार्य के कारण आज प्रातः शहर की 16 पानी की टंकियां कम क्षमता से भरी जा सकीं। जिसके परिणामस्वरूप संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहा। यह स्थिति अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 103, छत्रीबाग, राजमोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा प्रताप नगर, नरवल, अगरबत्ती कॉम्प्लेक्स, कुशवाह मोहल्ला, टिगरिया बादशाह, सुभाष चौक, सदर बाजार, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल व जय हिंद नगर की टंकी पर बनी। निगम का कहना है कि इन स्थानों पर कल से जलप्रदाय सामान्य हो जाएगा।

नर्मदा जल सप्लाई जहां नहीं वहां पर बोरिंग करने की अनुमति दी जाए

गर्मियों से पहले इंदौर में पानी को लेकर चिंताजनक स्थिति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भूजल बचाने के लिए प्रशासन ने जिले में निजी बोरिंग पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन शहर की 200 से अधिक कॉलोनियां ऐसी हैं जहां नर्मदा की पाइप लाइन ही नहीं पहुंची। इन क्षेत्रों में रहवासियों के पास पानी के लिए बोरिंग के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अब जल संकट की आशंका के बीच इन कॉलोनियों को बोरिंग की अनुमति देने की मांग उठने लगी है।

राऊ विधायक मधु वर्मा ने भी कलेक्टर से नर्मदा विहीन क्षेत्रों में बोरिंग की छूट देने की मांग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि जहां पानी का दूसरा स्रोत नहीं है, वहां प्रतिबंध से राहत मिलना जरूरी है।

सैकड़ों कॉलोनियां बोरिंग पर निर्भर

विधायक वर्मा के मुताबिक नगर निगम सीमा में करीब 200 से अधिक कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां नर्मदा पानी नहीं पहुंचता। विधानसभा-1, 2 और 5 के कई इलाकों में रहवासी बोरिंग पर निर्भर हैं। इन क्षेत्रों में यदि बोरिंग की अनुमति नहीं मिली तो गर्मी में गंभीर जल संकट खड़ा हो सकता है। उनका कहना है कि टैंकरों से पानी पहुंचाने के बजाय रहवासियों को अपने खर्च पर बोरिंग कराने की अनुमति दी जाए। इससे सरकार को भी जल वितरण के लिए अतिरिक्त संसाधन नहीं जुटाने पड़ेंगे।

कलेक्टर से विधायक मधु वर्मा ने की मांग, कहा संकट के समय में लोगों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए अनुमति देने पर करें विचार

430 एमएलडी पानी के बाद भी प्यासे इलाके

शहर में रोज करीब 430 एमएलडी नर्मदा पानी पहुंचने के बावजूद कई क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती। नर्मदा विहीन कॉलोनियों में संकट अधिक गंभीर है। हाल की रिपोर्टों के मुताबिक कुछ इलाकों में 300 से 500 फीट गहरे बोरिंग भी 10 से 20 मिनट ही पानी दे रहे हैं। कम बारिश के कारण भूजल रिचार्ज नहीं होने से संकट समय से पहले सामने आ रहा है।

प्रतिबंध के बीच छूट की मांग

कलेक्टर ने कम बारिश और गिरते भूजल स्तर के कारण पूरे जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर निजी बोरिंग पर रोक लगाई है। सरकारी बोरिंग को छूट है, जबकि निजी बोरिंग कराने पर कार्रवाई और मशीन जब्ती का प्रावधान है।

अब नर्मदा विहीन क्षेत्रों के लिए अलग व्यवस्था करने की मांग उठ रही है। आने वाले दिनों में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक महेंद्र हार्डिया भी कलेक्टर से राहत देने की मांग कर सकते हैं।

जल संकट की 5 बड़ी बातें

- इस वर्ष इंदौर में सामान्य से करीब 23% कम बारिश हुई।
- 200 से अधिक कॉलोनियां बोरिंग पर निर्भर होने का दावा।
- शहर के कुछ क्षेत्रों में 300 से 500 फीट गहरे बोरिंग भी कम पानी दे रहे हैं।
- निगम टैंकर और हाइड्रेंट व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी में है।
- नर्मदा के चौथे चरण से नए क्षेत्रों को पानी मिलने में अभी समय लगेगा।

130 मस्जिदों के अज़ान पढ़ने वालों को दी ट्रेनिंग



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सुन्नी आइम्मा काउंसिल, द बून वेलफेयर फाउंडेशन एवं एसडब्ल्यूसी के बाहमी तआवुन ने शहर की 130 मस्जिदों के मोअज्जिन हज़रात के लिए एक ख़ुसूसी अज़ान ट्रेनिंग वर्कशॉप का इनइक़ाद किया गया। इसका मक़सद मोअज्जिन हज़रात को अज़ान के सही तरीक़े, दुरुस्त तलफ़्फ़ुज़ और दीनी व समाजी ज़िम्मेदारियों के प्रति बेदार करना था। वर्कशॉप में अज़ान के अल्फ़ाज़ का सही तलफ़्फ़ुज़, आवाज़ के उतार-चढ़ाव और ख़ूबसूरत अंदाज़ में अज़ान की अदायगी के बारे में अमली रहनुमाई की गई। इस मौक़े पर तैबा कॉलेज से तालीम मुकम्मल करने वाले ग़ुलाम वारिस नूरानी ने बतौर ट्रेनर अपने इल्मी व अमली तजुर्बात की रोशनी में मोअज्जिन हज़रात की रहनुमाई फ़रमाई। मुफ्ती शहजाद रजवी ने सराहना की।

इंदौर के कलाकार अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में छाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर के कलाकारों की हिंदी फीचर फिल्म 'सेव मिक्चर' ने 57वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, गोवा 2026 में धूम मचा दी है। फिल्म का इंडियन पैनोरमा में चयन हुआ है और आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी मेडल के लिए दुनिया की टॉप 10 फिल्मों में जगह बनाई है। फिल्म की कहानी एक दुकानदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आर्थिक और पारिवारिक परेशानियों से जूझते हुए दो बिजनेस प्रतिद्वंद्वियों के बीच उम्मीद की तलाश करता है। फिल्म पूरी तरह उज्जैन में शूट हुई है। फिल्म की टीमः लेखन व निर्देशन मुस्कान अस्थाना, निर्माता रोहित कुमार, सह-निर्माता संगीता अस्थाना, प्रस्तुति रोरिंग रिल्स कलाकार अशोक रघुवंशी, रमेश काका, आटा चक्की आटे के व्यापारी सारिका आप्टे, मिसेज त्रिलोकी हीरो की मम्मी, पिछले 6 सालों से हिंदी-मराठी थिएटर शरद शबल साधू की भूमिका, रंगकर्मी, अभिनेता, रंग प्रशिक्षक एवं नाट्य निर्देशक आशीष संवत्सर प्रॉपर्टी ब्रोकर रवि राज तिवारी, लीड के पड़ोसी भव्यू रमेश काका नौकर फिल्म में अतुल श्रीवास्तव, परितोष सैंड, जिशान धीरज हस्सानी, गौरी चौरसिया, मीनल कपूर, अपरा मेहता, राहुल चौहान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। संगीत राहुल सुहास का है और गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। इंदौर के कलाकारों के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि उनकी फिल्म अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंची।

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने उठाया धार्मिक स्थलों की सुरक्षा का मुद्दा

धार की भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद, इंदौर की कटकटपुरा मस्जिद और खंडवा की हजरत कासिम शाह वली दरगाह से जुड़े मामलों पर कमेटी ने उठाए सवाल, संवाद और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग, न्यायसंगत प्रक्रिया और सामाजिक सौहार्द सुनिश्चित करे सरकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्य प्रदेश में धार्मिक स्थलों से जुड़े संवेदनशील मामलों को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने प्रदेश सरकार और संबंधित प्रशासन से कानून के अनुरूप पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की है। कमेटी ने धार की भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद, इंदौर की कटकटपुरा मस्जिद और खंडवा की हजरत कासिम शाहवली दरगाह से जुड़े घटनाक्रम पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी, पक्षपात या प्रशासनिक अस्पष्टता से सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।



कमेटी के मुख्य संरक्षक शमशुल हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख इस्माईल खान, प्रवक्ता आज़म हफीज़ खान, प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरेशी और मीडिया प्रभारी आरिफ खान ने कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद केवल किसी एक समुदाय का विषय नहीं होते, बल्कि इनका सीधा असर सामाजिक विश्वास, आपसी भाईचारे और प्रदेश के शांतिपूर्ण वातावरण पर पड़ता है। ऐसे मामलों में प्रशासन को न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। कमेटी ने धार की भोजशाला-कमाल मौला परिसर के मामले में कहा कि यह लंबे समय से हिंदू और मुस्लिम समुदायों की धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा संवेदनशील विषय रहा है। एक पक्ष इसे भोजशाला तथा देवी वागदवी का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद के रूप में देखता है। कमेटी ने सर्वोच्च न्यायालय की अंतरिम व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने तथा शुक्रवार की नमाज के लिए निर्धारित वैकल्पिक स्थान पर आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

कमेटी ने सभी पक्षों से न्यायालय के आदेशों का सम्मान करने और शांति बनाए रखने की अपील भी की है। कमेटी ने यह भी कहा कि मस्जिदों को आपसी गुटबाजी, व्यमितत वर्चस्व और राजनीतिक नेतागिरी का केन्द्र नहीं बनाया जाना चाहिए। इंदौर की कटकटपुरा मस्जिद में सामने आए आपसी विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कमेटी ने कहा कि मस्जिद इबादत और भाईचारे की जगह है। मस्जिद के मामलों में बाहरी हस्तक्षेप, शक्ति प्रदर्शन और एक-दूसरे पर दबाव बनाने के बजाय संबंधित पक्षों को आपसी बातचीत के माध्यम से विवाद का समाधान निकालना चाहिए। खंडवा में लगभग 300 वर्ष पुरानी हजरत कासिम शाह बली की दरगाह से जुड़े घटनाक्रम पर कमेटी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण व अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर भ्रम दूर करने के लिए प्रशासन भूमि दस्तावेज, राजस्व अभिलेख, नक्शे और स्वीकृत योजना सार्वजनिक करे। साथ ही शहर काजी सैयद निसार अली से जुड़े घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच हो।

कमेटी ने स्पष्ट किया कि मंदिर, मस्जिद, दरगाह, गुरुद्वारा या चर्च—सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है और विकास कार्यों में समान कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, कमेटी ने इंदौर, मालवा और भोपाल में दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों और नागरिकों के बीच संयुक्त सद्भाव एवं संवाद बैठक आयोजित करने की पहल भी की है। सरकार न्यायसंगत प्रक्रिया और सामाजिक सौहार्द सुनिश्चित करे, तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण

आईएफएमआईएस केयर्स थीम पर दो दिवसीय आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, सुगमता एवं कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आईएफएमआईएस केयर्स थीम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम कल कलेक्टोरेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में प्रारंभ हुआ जो आज भी जारी है।

आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला कोषालय इंदौर द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को वित्तीय नियमों, प्रक्रियाओं एवं आईएफएमआईएस पोर्टल के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस अधिकारियों को वित्तीय अधिकार पुस्तिका, कोषालय संहिता तथा वित्तीय कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को पोर्टल के विभिन्न प्रावधानों एवं वित्तीय प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराते हुए उनकी व्यावहारिक जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इसके साथ ही आईएफएमआईएस पोर्टल पर स्क्रॉल एवं रिपोर्ट संबंधी कार्यों तथा आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प के अंतर्गत सामने आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण मनीष दुबे, कविता खत्री, धर्मराज कोडले द्वारा दिया गया।

तीन प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा का आवागमन प्रतिबंधित

पुराना एबी रोड, एमजी रोड और सुपर कॉरिडोर पर लागू नियम, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शहर के तीन प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा के आवागमन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुराना एबी रोड, एमजी रोड तथा सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में अब ई-रिक्शा का संचालन नहीं किया जा सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन महानगर इंदौर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों पर यातायात का दबाव अत्यधिक बढ़ रहा है। इसके कारण कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस अधिकारियों, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों एवं ई-रिक्शा पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई थी। बैठक में शहर के तीन प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। जारी आदेश के तहत पुराना एबी रोड पर निरंजनपुर चौराहे से राजीव गांधी चौराहे तक, एमजी रोड पर पलासिया चौराहे से मृगनयनी चौराहे तक तथा सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में ई-रिक्शा का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर नियम अनुसार यह आदेश जारी किए।

संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना वाचन का कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज संविधान दिवस पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए है। आज कलेक्टर कार्यालय के 210 सभाकक्ष में संविधान की प्रस्तावना वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय निकायों, जिला पंचायत, जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में भी भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, संगोष्ठी एवं पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।

क़ल होगी सिविल डिफेंस हवाई हमले एवं ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल

एमजीएम बॉयज हॉस्टल में होगा अभ्यास, तैयारियों के लिए आज हो रही टेबल टॉप एक्सरसाइज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश के समस्त जिलों में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों की तत्परता एवं समन्वय परखने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस हवाई हमले एवं ब्लैकआउट की द्वितीय मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैकआउट, सुरक्षित स्थानों पर निकासी, खोज एवं बचाव तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया का अभ्यास किया जाएगा। इसमें सिविल डिफेंस स्वयंसेवक, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट एवं अन्य संबंधित एजेंसियां भाग लेंगी। इंदौर जिले में मॉक ड्रिल का आयोजन कल 27 नवम्बर को एमजीएम बॉयज हॉस्टल, पिपलियाहाना रोड पर किया जाएगा। इसके लिए जिला कमाण्डेंट होमगार्ड एवं जिला कमाण्डेंट एसडीईआरएफ संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी रहेंगे। आयोजन की तैयारियों एवं विभागीय समन्वय के लिए आज 26 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 102 में टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई है। इसमें संबंधित अधिकारी मॉक ड्रिल की कार्ययोजना एवं अपने दायित्वों की समीक्षा करेंगे।



सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने की डक और बैलेंस प्रतियोगिता में शिरकत





विजेता विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य सदर बाजार स्थित सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल की प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि विद्यार्जन के साथ-साथ स्कूल में अन्य विधाओं में विद्यार्थियों को महारत हासिल कराने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। विद्यार्थियों को डक याने बतख बनकर रेस में शामिल अपनी कतार में होना था, निर्धारित समय पर जो पहले विद्यार्थी पहुंचे वे विजेता बने। वहीं बैलेंस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें टोकरी से बॉल लेकर विद्यार्थियों को जल्दी अपनी लाइन में जाकर गिलास में बॉल को डालना था और वापस से फिर अपनी जगह पर पहुंचना था। इस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी जल्द पुरस्कृत किया जाएगा। दोनों ही प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने हूनर जमकर दिखाए।

चातुर्मास की सफलता पर कृतज्ञता ज्ञापन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. की निश्रा और गुरुदेव विजय जयंतसेनसूरीश्वर म.सा. की मौजूदगी में केसरी वाटिका में चातुर्मास सम्पन्न हुआ। चातुर्मास आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सामाजिक उपलब्धियों का साक्षी बना। यह चातुर्मास केवल धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला नहीं, बल्कि गुरु भक्ति, तप-त्याग, साधना, संगठन, सामाजिक समरसता, सेवा एवं सामूहिक समर्पण का अनुपम महोत्सव बनकर इतिहास में अंकित हुआ। इस पर मीडिया प्रभारी राजेश जैन युवा ने चातुर्मास की सफलता पर कृतज्ञता ज्ञापन भेंट किया।

हंसू भैया को याद कर नम हुई व्यापारियों की आँखें

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। होलसेल कपड़ा बाजार के कई वर्षों तक पदाधिकारी रहे हंसराज जैन (हंसू भैया) का मंगलवार को निधन हो गया था। शोकस्वरूप 24 नवंबर को बाजार बंद रहा,वही कल कमेटी हॉल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बुलंद आवाज वाले हंसू भैया, जिनकी आवाज भी व्यापारी कई बार बाजार में लगे माइक पर सुनते थे, उस आवाज की खामोशी पर जब कल उन्हें याद किया तो सनकी आँखें नम हो गई। देवी अहिल्या न्यू क्लॉथ मार्केट कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन पुरुषोत्तम पसारी ने जैन को याद करते हुए बताया कि उनके जीवन के त्याग और परमार्थ के संकल्प को उनकी देहदान की इच्छा से समझा जा सकता है। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में कई सेवाकार्य किए,वही निधन के बाद देहदान के माध्यम से शिक्षा और शोध को संबल देने का काम किया। जैन को प्रशासन के सामने आवाज उठाने में कभी भी व्यापारियों की भीड़ की जरूरत भी नहीं पड़ी, वे स्वयं अपनी बात किसी के भी सामने मजबूती से रखना जानते थे। व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनीश चौरड़िया, मंत्री कैलाश मूंगड़, निर्मल सेठी, गिरधर गोपाल नागर,विजय नाकोड़ा, कमल नीमा ने भी जैन को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।



क्लॉथ मार्केट बैंक ने भी किया श्रद्धांजलि का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री इंदौर क्लॉथ मार्केट को-ऑपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष हंसराज जैन के निधन पर बैंक ने श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया। बैंक अध्यक्ष अमरीश दम्माणी, अमिता पांचाल, जगदीश बाहेती, जितेन्द्र पाटोदी, विजय जैन, अनिल नीमा, सौरभ पाटोदी, केवल सोनी, राजेश आजाद, जगदीशचन्द्र गुप्ता, संतोष मूंदड़ा, मुकेश थावरानी, वासुदेव मूंदड़ा एवं समस्त बैंक स्टाफ उपस्थित थे।

फार्मेसी सप्ताह के अन्तर्गत राज्य स्तरीय आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अन्तर्गत फार्मा उत्सव में भारतीय फार्मेसी परिषद नई दिल्ली ने इंदौर के फार्मेसी संस्थाओं के सहयोग से विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया। फार्मेसी से जुड़े विद्यार्थी, संकाय सदस्य, प्राचार्य, कार्यरत फार्मासिस्ट, ओषधि उद्योग के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर, विशिष्ट गणमान्य अतिथि और फार्मेसी संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) से मुकाबला करने, दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने और जनस्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। शैक्षणिक सत्रों, विशेषज्ञ चर्चाओं और छात्र प्रतियोगिताओं में दवाओं के जिम्मेदार उपयोग तथा रोगाणुरोधी दवाओं के समुचित प्रबंधन में फार्मासिस्टों की भूमिका को रेखांकित किया गया। सांसद शंकर लालवानी, जशु एच चौधरी, मोहम्मद बशीर, डॉ. संजय जैन, डॉ. शैलेष जैन, डॉ. नीरज उपमन्यु, डॉ. अम्बर व्यास, डॉ. नीलेश मालवीय, डॉ. पवन दुबे, डॉ. डीके तनेजा, डॉ. सुखविन्दर एस नैय्यर, डॉ. शिरीष डी शेरलेकर, नवनीतप्रताप सिंह, डॉ. सीआर पटेल, प्रो. आरसी पटेल, डॉ. सविता व्यास सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



जैन संत को कामली ओढ़ाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केसरी वाटिका बिजासन रोड पर चातुर्मास पूर्ण होने के बाद गच्छाधिपति जैनाचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. का विहार हो रहा है। धरमपुरी में मंगल प्रवेश पर कोचर परिवार ने कामली ओढ़ाने का लाभ प्राप्त किया। संत-मुनि और मंडल का उज्जैन की ओर विहार प्रारंभ हो चुका है। इन्दर पुष्पा कोचर, आशीष पूजा कोचर, प्रांश कोचर, लवी, कपिल बागरेचा, प्रियंका, प्रांजल पोरवाल सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान राजेश जैन युवा, महेन्द्र बागवाला, नरेंद्र राठौर, नितिन सुराणा, राकेश जैन पार्श्वनाथ, अजीत पारेख, मुकेश जैन पारा सहित अन्य जैन समाजजन मौजूद रहे।



संविधान दिवस पर फोटो प्रदर्शन की शुभारंभ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत एवं हाई कोर्ट इकाई द्वारा संविधान दिवस पर राजवाड़ा पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री संदीप भट्ट ने किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी और अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

गरुड़देव महायज्ञ की कलश यात्रा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवगुराड़िया पहाड़ी स्थित नरसिंहपुरी गंगाधाम में नौ कुंडीय गरुड़ देव महायज्ञ का आयोजन शुरू हुआ उसके पहले गुटकेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने कलश लेकर शिरकत की। महंत विभूति पुरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन किया। संतों का सनिध्य मिला, संत करणपुरी महाराज, विभूति पुरी कलश यात्रा में पैदल भी चले। करणपुरी महाराज भी मौजूद रहे। यह महायज्ञ 3 दिसम्बर तक चलेगा और आहुतियां दी जाएगी।

गहलोत मेवाड़ राजपूत समाज ने किया सम्मेलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



गहलोत मेवाड़ राजपूत समाज संगठन द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इंदौर के अलावा बाहर से भी युवा और समाजजन शामिल हुए। राजेन्द्रसिंह मंडलोई, हेमराज सिंह, राजेन्द्र सिसोदिया, सवाईसिंह सिसोदिया, लक्ष्मणसिंह मेवाड़ा, कमलसिंह मेवाड़ा, भगवत सिंह, अशोक मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, सचिन मेवाड़ा, महिपालसिंह पठारिया, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, सुरेश मेवाड़ा, दीपसिंह मेवाड़ा, राजेन्द्रसिंह राजपूत, हरिशंकर मेवाड़ा, ओमपालसिंह मेवाड़ा, नारायणसिंह मेवाड़ा, कमलसिंह गहलोत, संतोष मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा, जितेन्द्र मेवाड़ा, राजेश सिसोदिया सहित अन्य मौजूद थे।

थाना प्रभारी का किया एसोसिएशन अध्यक्ष ने स्वागत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सराफा थाना प्रभारी दीपसिंह परमार का राजवाड़ा, किशनपुरा व्यापारी एसोसिएशन के विजेन्द्रसिंह चौहान, सिद्धार्थ जैन, राजेश गुप्ता, सोनू लड्ढा, गौरव गुप्ता ने स्वागत किया।

इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल का होगा आगाज

तीन दिन साहित्य, कला और संस्कृति के नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

साहित्य, कला और संस्कृति के विविध रंगों से सजा इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल का 27, 28 और 29 नवंबर को डेली कॉलेज, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस साहित्यिक उत्सव में देशभर के लेखक, साहित्यकार, कलाकार, संगीतकार, प्रशासक और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। साहित्यिक संवाद, विचार-विमर्श, संगीत, सिनेमा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के विविध पहलुओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेगा। गायिका इला अरुण के साथ हनुमान अंश फिल्म की टीम भी पहले दिन मौजूद रहेगी। तीन दिनों तक अलग-अलग आमंत्रित अपनी भूमिका निभाएंगे। तीनों दिन के कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन, कविता पाठ, कहानी वाचन, पैनल डिस्कशन और ओपन माइक जैसी गतिविधियां होंगी। जयपुर का प्रसिद्ध युग्म बैंड अपनी संगीत प्रस्तुति देगा। इसके अलावा देश के प्रमुख राजघरानों की विरासत, परंपराओं और संस्कृति पर केंद्रित विशेष सत्र भी आयोजित किया जाएगा।



सर्व ब्राह्मण समाज करेगा परिचय सम्मेलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार, 3 जनवरी को शुभ कारज गार्डन पर होगा। सम्मेलन के लिए प्रविष्टियों का आना प्रारम्भ हो गया है। इन्दौर के अलावा देश और विदेश सहित बाहर से भी प्रत्याशी जीवनसाथी की तलाश में आएंगे। संस्था का यह 25वां रजत जयंती सम्मेलन का वर्ष है। देश, प्रदेश सहित 100 से अधिक उपकार्यालय भी खोले गए है। हजारों प्रविष्टियां आने की सम्भावना भी जताई गई। करीब सवा माह बाद होने वाले इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। पालकों एवं प्रत्याशियों की सुविधा के लिए कम्प्यूटर, ज्योतिषी, सम्पर्क, खोया-पाया, पूछताछ, परिचय पुस्तिका वितरण सहित विभिन्न कार्यालय भी स्थापित किए जाएंगे। दिनेश शर्मा, डॉ. लोकेश जोशी, सुरेश शर्मा, अखिलेश शर्मा सहित अन्य नलिया बाखल कार्यालय पर लगातर बैठक कर तैयारियों को चाक चौबंद कर रहे है।

'पोषण स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,में 'उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम' के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, युवा रेडक्रॉस प्रकोष्ठ एवं जीवरसायन विभाग के समन्वय से 'पोषण स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। डॉ. ताबिश अली, आकांक्षा राजपूत ने उदबोधन दिए। डॉ. प्राचार्य अनामिका जैन, डॉ. नागेश डगांवकर, डॉ. तसनीम रंगवाला, डॉ. संध्या मौजूद रहे।

नवलखा बालाजी को लगे छप्पन भोग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नवलखा चिड़ियाघर के सामने स्थित श्री सिद्धेश्वर वीर बड़े बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार चोला के बाद किया गया। छप्पन भोग, महाआरती का आयोजन किया। अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया। भजन संध्या भी हुई। पुजारी महंत श्रीकांत पांडे महाराज ने उक्त जानकारी दी।

बाल हनुमानजी का श्रृंगार और आरती



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कमला नेहरू नगर स्थित संकट मोचन बाल हनुमान मंदिर पर बाबा का श्रृंगार व आरती की गई। राजेन्द्र श्रीवास्त ने श्रृंगार किया। नुकती प्रसाद का भोग लगाकर वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सिद्धार्थ की पुस्तक 'प्रकृति का भविष्य' का लोकार्पण होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लेखक कुमार सिद्धार्थ की पुस्तक 'प्रकृति का भविष्य, भविष्य का समाज' का लोकार्पण रविवार 29 नवम्बर को दोपहर 4 बजे से हिंदी साहित्य समिति के सभागृह में होगा। ओमप्रकाश नरेडा, अनिल त्रिवेदी, डॉ. ओपी जोशी, प्रो. चेतन सोलंकी, पद्मश्री भालू मोंढे, डॉ. खुशाल सिंह पुरोहित की मौजदूगी रहेगी। पुस्तक में प्रकृति और समाज को लेकर अनेक दिलचस्प एवं महत्वपूर्ण पहलू व्यक्त किए गए हैं।

राधाकृष्ण परिसर में श्याम बाबा का दरबार सजा

सुन्दरकांड पाठ भी हुआ



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बैंक कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड स्थित राधाकृष्ण परिसर में भागवताचार्य पं. विपुल कृष्ण महाराज बडगोंदावाले के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। खाटू वाले श्याम बाबा का दरबार श्रृंगारित कर 56 भोग समर्पित किए गए। महाआरती की गई। चंदा सिसौदिया, शरद सिसौदिया, परेश नीमा, कृष्ण गोपाल लड्ढा, महेंद्र सोनगिरा, रिंकू बॉस, माधुरी असाटी, डॉ. नीता बांगर, राजवीरसिंह, चंद्रवीर सिंह, शालिनी, शीतल, सुचित्रा, शिवांजलि, रणंजय सिंह, ठाकुर विजयसिंह, मनीष सिंह, हितेंद्र सिंह, कर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

युवाओं को किया जल उपयोग के लिए जागरूक



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम चोरड़िया, पातालपानी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और युवा व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी जरूरी है, युवाओं को जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया। डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तरुण गर्ग, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. किशोर पवार, डॉ. दिलीप वागेला, प्रमोद नामदेव, रितेश वसुनिया, डॉ. मनीषा दंडवते, प्रो. साधना व्यास, डॉ. एस.जी. स्वामी, डॉ. संजय गोयल, डॉ. मनोज नागर, डॉ. स्नेहलता सिंह, डॉ. कुसुम राय, डॉ. हुकुम सिंह मंडलोई, डॉ. डालके महेश, डॉ. जैन, भरत नागेश, दौलत सिंह तंवर एवं अंकिता चौधरी मौजूद थे।



सिंगापुर में इंदौर की प्रगति सक्सेना ने जीते दो खिताब

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर की शिक्षाविद् प्रगति सक्सेना ने इंडी रॉयल इंटरनेशनल पेजेंट का आयोजन सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल कर दो खिताब जीते। प्रगति सक्सेना को मिस इंटरनेशनल एलीट – सेकंड रनर-अप के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने मिस इंटरनेशनल यूनिवर्सल आइकॉन का विशेष खिताब भी प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रगति की प्रस्तुति का प्रमुख आधार इंडी रॉयल, ब्यूटी विद पर्पस रहा।

15 हजार किसानों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन दिया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मालवा निमाड़ के 15 हजार किसानों को पांच रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन दिए हैं। बिजली कंपनी ने ऑन लाइन आवेदन लेने एवं जिस क्षेत्र में कनेक्शन मांगा जा रहा हैं, वहां लाइन विस्तार कार्य की आवश्यकता नहीं होने पर त्वरित रूप से कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया पर प्रभावी अमल किया हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अब तक जारी 15000 कनेक्शनों में इंदौर राजस्व संभाग के इंदौर जिले में 700 व संभाग के आठों जिलों में 10 हजार पांच सौ से ज्यादा कनेक्शन मात्र पांच रुपए जमा कर प्रदान किए गए हैं। वहीं उज्जैन जिले में 1070 एवं उज्जैन राजस्व संभाग में चार हजार पांच सौ कनेक्शन पांच रुपए में दिए गए हैं।

स्वामी परमानंद गिरि के सान्निध्य में होगा तीन दिनों तक सत्संग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम पर स्वामी परमानंद गिरि महाराज के पावन सानिध्य में तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन 28 से 30 नवम्बर तक होगा।



इस अवसर पर हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि, महामंडलेश्वर साध्वी दिव्य चेतना गिरि एवं अन्य संत महात्माओं के भी प्रवचन होंगे। क़ई संत और विद्वान भी मौजूद रहेंगे। विजय शादीजा, रामबाबू अग्रवाल, किशनलाल पाहवा,साध्वी चैतन्य सिन्धु ने बताया कि शनिवार 28 नवम्बर को शाम 4 से 6 बजे तक तथा 29 और 30 नवम्बर को सुबह 9 से 10 एवं शाम 4 से 6 बजे तक नियमित सत्संग प्रवचन का आयोजन खंडवा रोड स्थित आश्रम के सत्संग सभागृह पर होगा।

पीडब्ल्यूडी सीई कार्यालय के सामने वाले बगीचे का करेगा नवीनीकरण

लाखों खर्चकर सौंदर्यकरण के साथ अब सुविधाएं जुटाने की बारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर लोकनिर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी अपने मुख्यालय उप संभाग के अंतर्गत आने वाले सीई कार्यालय के सामने वाले बगीचे को संवारकर इसमें सौंदर्यकरण और सजाने संवारने के कई कार्य एक साथ शुरू करेगा जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग के अफसरों द्वारा बकायदा बगीचा नवीनकरण योजना बनाकर इसके लिए आवश्यक निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर सालों पुराने बगीचे में सौंदर्य करण के कार्यों के साथ ग्रीनरी और हरियाली के काम भी किए जाएंगे। साथ ही कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ यहां आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था और अन्य सुविधाएं भी जुटाई जाएगी।



लंबे समय से उजाड़ बगीचे में अब नजर आएगी ग्रीनरी और खूबसूरती : बड़ी बात यह है कि मुख्यालय के पास उप संभाग के कार्यालय के सामने स्थित इस लंबे चौड़े बगीचे में लंबे समय से सजाने - संवारने और सौंदर्यीकरण को लेकर कोई काम नहीं हुए है। वहीं अब सालों बाद पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अफसरों द्वारा मुख्यालय के सामने वाले बगीचे की सुध लेकर उसे संवारने की योजना बनाकर इसको लेकर निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके तहत यहां चारों ओर नए पेड़ - पौधे लगाकर हरियाली और ग्रीनरी के लिए काम किया जाएगा। इसके अलावा यहां आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था को पहले से और बेहतर करने के लिए नई बेंच लगाई जाएगी। सौंदर्यकरण के काम किए जाएंगे। रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाई जाएगी। घूमने के लिए वाकिंग ट्रेक का निर्माण किया जाएगा ताकि लोग ठंड के मौसम में धूप में बैठकर आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा घूमने वालों के लिए शानदार लंबाई चौड़ाई पाथवे की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा अन्य आवश्यक नवीनीकरण के कार्य बेहद जल्द आने वाले दिनों में निविदा प्रक्रिया के बाद शुरू किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट में अगले माह सुनवाई संभव, ओबीसी आरक्षण मामले पर स्थिति होगी साफ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग तमाम रुके हुए 13 फीसदी परिणाम 9 जनवरी से पहले जारी करेगा या नहीं यह दिसंबर माह में साफ हो जाएगा। यही नहीं ओबीसी आरक्षण के लिए तैयार 87-13 का फार्मूला आगामी परीक्षाओं में जारी रहेगा या खत्म होगा, यह भी साफ हो जाएगा। सरकार पहली सुनवाई में ही हाईकोर्ट के फैसले पर स्टे के लिए प्रयास करेगी। प्रदेश में 27प्रश ओबीसी आरक्षण पर सरकार की कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट की तकनीकी आपत्तियों में उलझने के कारण एमपी पीएससी के कई रिजल्ट व चयन सूचियां फिर अटक गई थी। जबलपुर हाई कोर्ट के 9 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ सरकार की स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) को अब तक नियमित एसएलपी नंबर आवंटित नहीं होने से यह स्थिति बनी थी। अब सुप्रीम कोर्ट में कब सुनवाई होगी, क्या फैसला वहीं हाई कोर्ट के फैसले के आधार पर राज्य शासन को 13 फीसदी रुके हुए रिजल्ट 9 जनवरी से पहले घोषित करना है।

9 जनवरी की अंतिम समय सीमा से पहले असमंजस दूर होने की संभावना

क्या क्या है अटका हुआ

पीएससी के भी कई रिजल्ट रुके हुए हैं। इनमें राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 व 2026 के परिणामों के साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा- 2024 के पॉलिटिकल साइंस, फिजिक्स विषयों की चयन सूची, 2025 की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के 87 पद वाले कम्प्यूटर साइंस विषय की चयन सूची शामिल हैं। अब बॉटनी के इंटरव्यू भी हो रहे हैं। इसके साथ ही एडीपीओ भर्ती परीक्षा का परिणाम भी रुका है।

पीएससी के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो राज्य सेवा परीक्षा-2027 के विज्ञापन को लेकर है। यह 10 दिसंबर से पहले जारी होना है। सवाल यह है कि अगर उससे पहले स्थिति स्पष्ट नहीं हुई तो पीएससी 87-13 के फॉर्मूले का जिक्र विज्ञापन में करेगा या नहीं? बड़ा सवाल बस यह है कि अगर सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिलती है तो शासन को हाई कोर्ट के फैसले को ही मानना होगा।

क्या सिस्टम लागू हुआ था

पीएससी सितंबर 2022 के बाद से सभी रिजल्ट 87-13 के फॉर्मूले से घोषित कर रहा है। इसमें राज्य सेवा परीक्षा 2019 से लेकर 2024 तक की चयन सूची भी शामिल हैं। इन सभी चयन सूची में 13 प्रतिशत परिणाम होल्ड पर रखे गए थे। चूंकि हाई कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 14 से 27 फीसदी किए जाने के निर्णय को खारिज कर दिया है। ऐसे में रिजल्ट घोषित होने की संभावना तो बनी है, लेकिन राज्य शासन के सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद से सस्पेंस बढ़ गया है।

प्राधिकरण करेगा 32 करोड़ से विकास कार्य

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण अब अपनी स्कीम 97 में सालों बाद विकास कार्य शुरू करने जा रहा है। जिसके लिए इस स्कीम 97 में विकास कार्यों की शुरूआत के लिए प्राधिकरण यहां लगभग 32.44 करोड़ रुपए की राशि खर्चकर यहां लंबे समय के बाद एक साथ स्कीम से जुड़ी कालोनियों में कई विकास कार्य शुरू करेगा ताकि योजना 97 भाग-4 के अंतर्गत इस अधूरी पड़ी स्कीम के बड़े हिस्से में विकास कार्य की शुरूआत हो जाए, जिसका लाभ लोगों को आने वाले नए साल से मिलना शुरू हो जाएगा। बताते है कि योजना क्रमांक 97 के भाग-4 के बड़े हिस्से के विकास के लिए प्राधिकरण द्वारा निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिसके अंतर्गत यहां सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था करने के साथ अन्य विकास कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे, जिसका लाभ लोगों को भविष्य में मिलेगा।

सालों का इंतजार होगा खत्म, शुरू होंगे कई काम एक साथ- गौरतलब है कि स्कीम 97 का यह भाग-4 का एक बड़ा हिस्सा विकास कार्य शुरू नहीं होने के इंतजार में लम्बे समय से अधूरा पड़ा था। वहीं अब स्कीम 97 के इस भाग के हिस्से में भी विकास कार्य शुरू हो जाने से यहां भी लोगों का रुझान बढ़ेगा, जिसका लाभ स्कीम से जुड़ने वाले परिवारों को अब आने वाले साल में मिलना शुरू हो जाएगा। आईडीए अफसरों द्वारा स्कीम 97 के भाग-4 में विकास कार्य की योजना बनाकर एक साथ कई कार्य शुरू किए जाएंगे।

रेती मंडी रेलवे आरओबी पर जगमगाहट के लिए होगा एक करोड़ से ज्यादा खर्च

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजेंद्र नगर क्षेत्र के रेती मंडी रेलवे ओवरब्रिज पर लंबे समय के बाद रोशनी और जगमगाहट करने के लिए लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के विद्युत विभाग इलेक्ट्रिफिकेशन के अफसरों द्वारा यहां का अंधेरा दूर करने के लिए एक करोड रुपए से ज्यादा की लागत से आकर्षक लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। लाईटिंग के काम के प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक रेती मंडी क्षेत्र में नवीन तैयार रेलवे आरओबी पर आकर्षक लाइटिंग की जगमगाहट के लिए यहां करीब 150 आकर्षक एलईडी लाइटिंग लगाकर जगमगाहट की जाएगी। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।



अगले माह शुरू होगा पोल लगाने का काम

प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों ने बताया रेती मंडी आरओबी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब यहां का अंधेरा दूर करने के लिए विभागीय तैयारी शुरू हो गई है जिसके अंतर्गत यहां लगभग 75 से 80 नए पोल लगाकर इन पर तेज रोशनी वाली नवीन एलईडी लाइटिंग से आकर्षक रोशनी के साथ जगमगाहट करने की तैयारी है। जिसका फायदा यहां से रात दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को आने वाले नए साल से मिलना शुरू होगा। जिसको लेकर अब तैयारी भी शुरू हो गई है।

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन

12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज तैयार

90% से ज्यादा काम पूरा, नए साल से पहले शुरू करने की तैयारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। यात्रियों की सुविधा के लिए लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर लगभग 12 मीटर चौड़ा नवीन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य वर्तमान में एकदम अंतिम चरणों में चल रहा है। अब तक करीब 90 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों नए साल से पहले इस नए फुट ओवर ब्रिज को यात्रियों के लिए जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिससे सीनियर सिटीजन ओर महिलाओं सहित अन्य यात्रियों को सामान लेकर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने में आसानी होगी। साथ ही स्टेशन पुनर्विकास और नवीनीकरण योजना के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना में भी यहां करोड़ों रुपए खर्चकर कई अन्य विकास कार्य भी अब एकदम अंतिम चरण में चल रहें है। जिसके तहत सिंहस्थ 2028 की तैयारी और क्षेत्र में बढ़ती रेल यातायात की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस स्टेशन का सौन्दर्यकरण और आधुनिकरण उच्च स्तर पर तेजी के साथ किया जा रहा है।



प्लेटफार्म की संख्या होगी पांच,अतिरिक्त ट्रैक की भी मिलेगी सुविधा: इसके अलावा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना में कई काम वर्तमान में पहले से ज्यादा तेजी से चल रहे है जिसके अंतर्गत स्टेशन पर अब कुल पांच प्लेटफॉर्म और अतिरिक्त ट्रैक भी विकसित किए जा रहें है। जिसका सबसे बड़ा फायदा यात्रियों को आने वाले सिंहस्थ महापर्व पर मिलेगा। जिसको लेकर इन दिनों इंदौर - उज्जैन के आसपास के प्रमुख स्टेशनों पर नजर आ रही है। इधर इंदौर रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में भी अब पहले से दुगनी तेजी दिखाने लगी है। जिससे भविष्य में इंदौर स्टेशन पर निर्माण कार्य में और ज्यादा तेजी आएगी तब इंदौर स्टेशन का लोड कम करने के लिए कहीं और ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन,पार्क रोड स्टेशन और डॉक्टर अंबेडकर नगर महू स्टेशन से चलाई जाएगी। जिसको लेकर अब तैयारियां और ज्यादा तेज हो गई है।

मिलेंगी ये सुविधाएं

बड़ी बात यह है कि लाखों रुपए खर्च कर लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर तैयार हो रहे हैं नवीन फुट ओवर ब्रिज पर यात्रियों को वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए आधुनिक लिफ्टों का प्रावधान भी किया जा रहा है। साथ ही फुटवियर ब्रिज की सीढ़ियां इस तरह से बनाई गई है कि दिव्यांगजनों और सीनियर सिटीजन महिलाओं और बुजुर्गों को चलने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके अलावा सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को भी ज्यादा थकान महसूस ना हो। इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर ब्रिज पर दोनों तरफ मजबूत लोहे की जालियों का जाल बिछाया गया है। चढ़ने उतरने के लिए पर्याप्त चौड़ाई में इसकी डिजाइन इस तरह से तैयार की गई है कि यात्रियों को बेहद आरामदायक और व्यवस्थित लगें।

संपादकीय

मौत बांटता मांझा, एक धागा, कई सवाल और कठघरे में कानून व्यवस्था

दिल्ली में प्रतिबंधित मांझे से हुई युवक की मौत ने बाजारों में इसकी उपलब्धता, प्रशासनिक निगरानी और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आखिर प्रतिबंध लागू होने के बावजूद इसकी बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगाने में सरकारी तंत्र क्यों नाकाम साबित हो रहा है? जब पतंग के प्रतिबंधित मांझे के खतरे को हर कोई अच्छी तरह जानता है, तो फिर इसकी आपूर्ति और बिक्री रोकी क्यों नहीं जाती है। पतंग की डोर जब मौत का फंदा बन जाए और सड़कों पर आम लोगों की जान जाने का सिलसिला थमने का नाम न ले, तो सवाल केवल एक धागे पर नहीं, बल्कि समूची कानून व्यवस्था पर खड़ा होता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारापुला के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हाल ही में एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मांझे से गला कटने के कारण हुई मौत व्यवस्था की इसी नाकामी को दर्शाती है। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के दावों पर लगा गंभीर प्रश्नचिह्न है। चीनी मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध कोई नई बात नहीं है। इसके बावजूद इसकी उपलब्धता और खुलेआम इस्तेमाल बताता है कि सख्त नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहते हैं, उन्हें जमीन पर प्रभावी तरीके से उतारने के प्रयास कम ही नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि सरकारी तंत्र में हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए, ताकि इस तरह के हादसों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। अहम सवाल यह है कि जब पतंग के प्रतिबंधित मांझे के खतरे को हर कोई अच्छी तरह जानता है, तो फिर इसकी आपूर्ति और बिक्री रोकने के लिए प्रभावी निगरानी की व्यवस्था क्यों नहीं बनाई जाती है? दुकानों का नियमित तौर पर निरीक्षण क्यों नहीं किया जाता? नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जाती, जो दूसरों के लिए भी नजीर बने? क्या प्रशासन की नींद किसी की जान जाने के बाद ही खुलती है! जाहिर है, इस तरह की घटनाओं पर तभी अंकुश लग पाएगा, जब पतंगबाजी के सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के साथ चीनी मांझे के आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं और इस्तेमाल करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। सरकार ने नायलॉन और धात्विक या कांच जैसे पदार्थों से बने इस मांझे को प्रतिबंधित तो कर दिया है, लेकिन इन नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है। विडंबना यह है कि हर हादसे के बाद कुछ दिनों की सख्ती दिखाई देती है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है।





आवारा पशुओं की रहवासियों ने की शिकायत

ग्रीन पार्क कालोनी में पहले से बनी हुई समस्या

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार रोड स्थित ग्रीन पार्क कालोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं से परेशानी का सबब बना हुआ है। इससे पैदल निकलने वाले लोगों के अलावा बच्चों और वाहन चालकों को भी परेशान हो रही है। कई बार इससे यातायात भी बाधित होता है। मुख्य मार्ग पर भी यही स्थिति कई बार बनती है। कई बार पशु एक साथ समूह बनाकर भी कालोनी और मुख्य मार्ग पर भी नजर आते हैं। इस मामले में कई बार निगम झोन और मुख्यालय में भी रहवासियों ने शिकायतें की, लेकिन उनकी पुरानी समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

चालान की सूचना के बाद भी नहीं भरा जुर्माना तो घर पहुंच रही है पुलिस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इंदौर यातायात पुलिस द्वारा इंदौर ट्रैफिक साथी ऐप पर नागरिकों से प्राप्त यातायात संबंधी शिकायतों क़ा गंभीरता से निराकरण किया जा रहा है। ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित वाहन चालकों को यातायात पुलिस द्वारा मैसेज एवं फोन कॉल के माध्यम से सूचना देकर नियम उल्लंघन के संबंध में अवगत कराया जाता है तथा नियमानुसार जुर्माना जमा करने के लिए कहा जाता है। इसके बावजूद कुछ वाहन चालकों द्वारा जुर्माना जमा नहीं करने पर यातायात पुलिस अब उनके घर तक पहुंच रही है। इस दौरान न केवल संबंधित व्यक्ति से जुर्माने की राशि जमा करवाई जा रही है, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सुदामा नगर क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त जगदीश पाटील



एवं ट्रैफिक टीआई राधा यादव द्वारा रहवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही इंदौर ट्रैफिक साथी ऐप पर प्राप्त शिकायत के संबंध में संबंधित वाहन चालक से जुर्माने की राशि भी जमा करवाई गई।

मुख्यमंत्री को लिखा किसान और मजदूर सेना ने पत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय किसान एवं मज़दूर सेना के प्रदेश सचिव चंदनसिंह बड़वाया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सूखे पड़े तालाबों को नर्मदा-मालवा-गंभीर लिंक परियोजना से भरवाने की अपील की। पत्र में यह भी लिखा कि खासतौर से इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर देपालपुर और आसपास के इलाकों में कम वर्षा और भूजल स्तर गिरने के कारण अधिकांश तालाब और तलाई पूरी तरह सूख चुके हैं। तालाबों के सूखने से ग्रामीण अंचलों में मवेशियों और वन्य जीव-जंतुओं व पक्षियों के सामने जीवन-मरण का संकट खड़ा हो गया है। यदि समय रहते इन तालाबों में पानी नहीं छोड़ा गया, तो प्यास के कारण बड़ी संख्या में पशु-पक्षियों के मरने की आशंका है। इसके साथ ही, जलस्रोत सूखने से आने वाले दिनों में किसानों और ग्रामीणों के लिए पीने के पानी (पेयजल) का संकट भी और अधिक गहराने वाला है। भूमिगत जलस्तर नीचे जाने से बोरिंग और कुएं भी जवाब देने लगे हैं, जिससे खेती और पशुपालन दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि जनहित और जीव-दया को ध्यान में रखते हुए तत्काल नर्मदा-मालवा-गंभीर लिंक परियोजना की पाइपलाइन से जुड़े सभी ग्रामीण तालाबों और तलइयों को पानी से भरा जाए। इस कदम से न केवल बेजुबान पशु-पक्षियों की जान बचाई जा सकेगी, बल्कि गांवों का भूजल स्तर भी सुधरेगा और गहराते पेयजल संकट से बड़ी राहत मिलेगी।

ग्रामीण क्षेत्र के सूखे तालाबों को परियोजना से भरा जाए

बुजुर्ग महिला के खाते से उड़ाए 1.27 लाख, केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग महिला के बैंक खाते से ऑनलाइन 1.27 लाख रुपये से अधिक की राशि उड़ा ली। बैंक स्टेटमेंट के जरिए ठगी का खुलासा होने के बाद पीड़िता ने तुरंत बैंक खाता ब्लॉक कराया और साइबर हेल्पलाइन व थाने में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पाराशर नगर निवासी अलका पति अरुण नरगुंदे (72) ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 18 नवंबर को जब वे अपने बैंक पहुंचीं और खाते का स्टेटमेंट निकलवाया, तो उसमें दर्ज लेनदेन देखकर चौंक गईं। उनके खाते से अज्ञात आरोपी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से 1.27 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाली जा चुकी थी।

खाते से बड़ी राशि गायब होने का पता चलते ही फरियादी अलका नरगुंदे ने सतर्कता दिखाते हुए सबसे पहले बैंक से संपर्क कर अपना खाता ब्लॉक कराया। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर घटना की सूचना दी और राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है तथा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एक दिवसीय मेकअप वर्कशॉप



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अभिनव कला समाज सभागृह में एक लाइव मेकअप वर्कशॉप आयोजित की गई। अरेगा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर नदीम खान ने बताया कि तहज़ीब नाम से आयोजित ब्राइडल मेकअप वर्कशॉप में शहरभर की मेकअप कलाकारों ने शिरकत की। इस अवसर पर मुंबई से आई इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट सारा शेख ने भारत और पाकिस्तान में सजने वाली रॉयल लुक में ब्राइडल को तैयार कर लाइव डेमो दिया। शो को ऑर्गेनाइज कर रही अक्शा मेक ओवर की सीईओ ने बताया कि आयोजन में सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट इक़रार देहलवी, फरजाना, जोया शेख, बुशरा अब्बासी विशेष रूप से उपस्थित थी

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
126800	123070
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
147600	143200

फिजिकल भाव शाम को ओपन होगा ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

ग्राहक बनकर आया ठग वनप्लस-11 मोबाइल लेकर चंपत

दुकानदार की नजर चूकते ही उड़ाया फोन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित डॉलर मार्केट में ग्राहक बनकर आए एक अज्ञात व्यक्ति ने दुकानदार की नजर चूकते ही महंगा मोबाइल फोन पार कर दिया। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, आजाद नगर क्षेत्र के सुमति नगर निवासी फरियादी असलम रजा पिता अय्यूब शेख की डॉलर मार्केट में दुकान नंबर-28 पर कादरी नाम से मोबाइल की दुकान है। फरियादी ने बताया कि एक अज्ञात युवक ग्राहक बनकर दुकान पर आया और वनप्लस-11 मॉडल का मोबाइल फोन दिखाने के लिए कहा। दुकानदार ने उसे वनप्लस-11 फोन निकालकर दिखाया और इसी बीच अन्य ग्राहकों को भी फोन दिखाने में व्यस्त हो गए। कुछ देर बाद जब उन्होंने मुड़कर देखा तो फोन देखने वाला युवक गायब था और वह वनप्लस-11 मोबाइल भी दुकान से नदारद था। फरियादी की रिपोर्ट पर एमजी रोड पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कल से तीन दिनों तक पुराने सिक्कों और नोटों की प्रदर्शनी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बॉस्केटबॉल क्लब में कल 27 से 29 नवम्बर तीन दिनों तक पुराने और दुर्लभ सिक्कों व नोटों की प्रदर्शनी लगेगी। देशभर से पुराने सामान के संग्राहक भी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन शिवाजी राव होलकर द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में पुरानी मुद्राओं का क्रय-विक्रय भी होगा। शौकीनों को दुर्लभ सिक्के, मेडल, कागजी मुद्रा का संग्रह देखने को मिलेगा। वहीं लेन-देन करने वालों को भी मौका मिलेगा। लोकेश खाबिया ने उक्त जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लगी हॉकी की पाठशाला

प्रकाश क्लब के खिलाड़ियों ने देखे महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले

इंदौर। शहर के हॉकी खिलाड़ियों की अनोखी क्लास अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में लगी। सामने दो विदेशी टीमें थीं, उनके कोच थे और उनकी रणनीति को देखने और सीखने के लिए टकटकी लगाई आँखें थी।

प्रकाश हॉकी क्लब के सचिव व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलता देखने से बहुत सीखने को मिलता है। क्लब के अध्यक्ष और मप्र के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने का अवसर



मिला। क्लब के वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने भी इन तैयारियों को समझा और अब नियमित अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को इन बारीकियों से परिचित कराया जाएगा। इस दौरान मप्र के खेल मंत्री विश्वास सारंग, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग चंचल शेखर, उप संचालक जलज चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश हॉकी संघ के सचिव लोक बहादुर और भोपाल आईजी रुचिवर्धन मिश्र भी मौजूद थे। इस दौरान मंत्री सिलावट और मंत्री विश्वास सारंग के साथ खेल संचालक चंचल शेखर की इंदौर में हॉकी गतिविधियों के विकास के संदर्भ में लंबी चर्चा भी हुई। प्रकाश क्लब के खिलाड़ियों को स्थानीय खिलाड़ियों से भी संवाद का अवसर मिला। यहां उन्होंने देखा कि कैसे अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले खिलाड़ी स्वयं को तैयार करते हैं, कैसे मैच के दौरान आपसी तालमेल बनाया जाता है और विभिन्न टीमें किस रणनीति के तहत अपने आक्रमण और गोल की रक्षा करतीं हैं। इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान अनीस खान, आशीष तिवारी, वसीमउल्लाह खान, चंकी कुमावत, प्रेम प्रजापत, रेहान अंसारी आदि उपस्थित थे। क्लब की ओर से सभी अतिथियों का आभार प्रथमेश राजे सिलावट ने व्यक्त किया।

विलियमसन को मिली बड़ी जिम्मेदारी सुपर जायंट्स के कोच बने

नई दिल्ली। केन विलियमसन को बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। 2027 एसए20 लीग के लिए डरबन सुपर जायंट्स ने विलियमसन को हेड कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। विलियमसन ने लांस क्लूजनर को रिप्लेस किया है, जो 2023 के पहले सीजन से ही टीम के साथ जुड़े हुए थे। विलियमसन ने इसी साल जुलाई में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था।

बता दें कि विलियमसन 2025 और 2026 में डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए नजर आए थे। अब आगामी सीजन में वह टीम के लिए हेड की जिम्मेदारी अदा करेंगे। उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 15 मैच खेले, जिनकी 13 पारियों में बैटिंग करते हुए 34।30 की औसत और 119.51 स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले, जिसमें हाई स्कोर 60ङ रनों का रहा। पूर्व कीवी बल्लेबाज फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक (क्रिकेट डायरेक्टर) टॉम मूडी के साथ मिलकर काम करेंगे, जबकि रयान कुक बल्लेबाजी कोच, भरत अरुण तेज गेंदबाजी कोच, कार्ल क्रो स्पिन गेंदबाजी कोच और कुशेन किशन फील्डिंग कोच होंगे। विलियमसन ने 2014 से 2024 तक यानी 10 साल आईपीएल खेला। इस दौरान उन्होंने 79 मैच खेले, जिनकी 77 पारियों में बैटिंग करते हुए 35.46 की औसत और 125.61 स्ट्राइक रेट से 2128 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 18 अर्धशतक निकले, जिसमें हाई स्कोर 89 रनों का रहा।

केन में बिक रहा पानी गुणवत्ता की गारंटी कौन देगा?

हजारों दुकानों, दफ्तरों और संस्थानों तक पहुंच रहा आरओ का पानी; प्लांटों के लाइसेंस से लेकर केन की सफाई तक हो नियमित जांच

इंदौर, अक्षय जैन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर में पीने के पानी का एक बड़ा कारोबार ऐसा भी है, जो रोजाना हमारी आंखों के सामने चलता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता को लेकर आम उपभोक्ता के पास बहुत कम जानकारी है। शहर की हजारों दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों में प्रतिदिन 20 लीटर के केन से आरओ का पानी पहुंच रहा है। घरों तक भी इसकी सप्लाई हो रही है। छोटे-बड़े सैकड़ों आरओ वाटर प्लांट इस कारोबार से जुड़े हैं। सवाल यह है कि इन केनों में पहुंचने वाले पानी की शुद्धता की गारंटी आखिर कौन दे रहा है?

बाजार में बिसलेरी और अन्य ब्रांडेड कंपनियों के पानी की बोतल पर उपभोक्ता को निर्माता, पैकेजिंग और गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी मिलती है। दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर सप्लाई होने वाले अनेक केनों पर न तो प्लांट की पूरी जानकारी स्पष्ट होती है और न ही उपभोक्ता को यह पता होता है कि पानी की अंतिम जांच कब हुई थी। केन किस प्लांट से आया, उसमें पानी भरने से पहले उसकी सफाई और सैनिटाइजेशन हुआ या नहीं, यह सब उपभोक्ता के भरोसे पर छोड़ दिया जाता है।

सवाल सिर्फ पानी का नहीं, स्वास्थ्य का है

आरओ मशीन लगा लेना ही शुद्ध पेयजल की गारंटी नहीं है। पानी का स्रोत, ट्रीटमेंट की प्रक्रिया, फिल्टर और मेम्ब्रेन का रखरखाव, माइक्रोबायोलॉजिकल जांच और केन की स्वच्छता, सभी महत्वपूर्ण हैं। कई बार पानी की गुणवत्ता से ज्यादा चिंता उस केन की होती है, जिसमें बार-बार पानी भरकर सप्लाई किया जाता है। यदि उसकी नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन नहीं हो तो उपभोक्ता तक पहुंचने वाले पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

खाद्य सुरक्षा के नियमों के तहत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के कारोबार के लिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण क़ा लाइसेंस और निर्धारित गुणवत्ता संबंधी शर्तें लागू हैं। जनवरी 2026 से लागू नई परीक्षण योजना के तहत भी गुणवत्ता जांच और रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर पानी का कारोबार करने वाली इकाइयों की वैधानिक स्थिति और उनके अनुपालन की जांच जरूरी है। इंदौर में पहले भी अवैध तरीके से पानी की पैकेजिंग करने वाली इकाई पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई सामने आ चुकी है। यह बताता है कि जांच की जरूरत केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। लेकिन एक इकाई पर कार्रवाई से शहर के पूरे कारोबार की स्थिति स्पष्ट नहीं होती।

प्रशासन को अब शहरव्यापी सर्वे की पहल करनी चाहिए। कितने आरओ वाटर प्लांट संचालित हैं, कितनों के पास वैध लाइसेंस है, कितने नियमित लैब जांच करवाते हैं और कितने निर्धारित मानकों का पालन कर रहे हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर प्लांट के पानी के स्रोत, भूजल दोहन की अनुमति, ट्रीटमेंट व्यवस्था और केन की सफाई का भी सत्यापन किया जाना चाहिए। यह जिम्मेदारी केवल खाद्य सुरक्षा विभाग की नहीं, बल्कि पानी के स्रोत और भूजल दोहन से जुड़े विभागों की भी है। नगर निगम को भी अपने स्तर पर संबंधित लाइसेंस और स्थानीय नियमों के अनुपालन की पड़ताल करनी चाहिए।

व्यापारी अपनी दुकानों और कार्यालयों में कर्मचारियों व ग्राहकों के लिए यही पानी मंगवाते हैं। उन्हें भी यह जानने का अधिकार है कि जिस पानी का उपयोग वे रोज कर रहे हैं, वह निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। इंदौर स्वच्छता में देशभर में अपनी पहचान रखता है। अब पेयजल की शुद्धता और सुरक्षित सप्लाई को लेकर भी ऐसी ही गंभीरता दिखाने की जरूरत है। हजारों परिवारों और कारोबारियों के पीने के पानी की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? पानी जीवन की बुनियादी जरूरत है, केवल कारोबार की वस्तु नहीं। इसलिए प्रशासन को आरओ वाटर प्लांटों का सर्वे, नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता रिपोर्ट सार्वजनिक करने की व्यवस्था बनानी चाहिए। उपभोक्ता का भरोसा केवल सप्लायर के आश्वासन पर नहीं, बल्कि जांचे-परखे मानकों पर कायम होना चाहिए।

रूद्र नायर क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत





इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आनएनसीए एवं राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमे आरएनसीए ने पहले खेलते हुए 34 ओवरो में सभी विकेट खोकर 149 रन बनाये। आशुतोष निषाद एवं शुभम गुंजाल ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब की टीम 23 ओवरो में सभी विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी और यह मैच 48 रनों से हार गई । मृदुल शुक्ला ने घातक गेदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं लकी मिश्रा ने 4 विकेट लिये।

श्रीराम स्पोर्ट्स की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोर्ट्स एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 246 रन बनाये। प्रणव परिहार ने 110 रन बनाये। रोहित गुप्ता ने 6 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोटस की टीम ने 48 ओवरो में 7 विकेट खोकर 247 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया। निलेश जाधव ने 65 रन, मानवीर सिंह ने 55 रन एवं श्लोक जैन ने 51 रन बनाये। दीपेन्द्र व अक्षत ने 3-3 विकेट लिये।

सीसीआय की विशाल जीत





***इसी** स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 4 विकेट खोकर 441 रनों का विशाल स्कोर खडा किया। अक्षय प्रजापति ने आक्रामक 149 रन एवं कार्तिक परिहार ने आक्रामक 161 रनों का योगदान दियां। आयुष बुन्देला ने 3 विकेट लिये। जवाब में जय गिरनारी की टीम 50 ओवरो में 298 रनों पर सिमट गई और यह मैच 143 रनों के अंतर से हार गई । शिखर गंगराडे ने 87 रन बनाये।*

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
विद्युत विभाग
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 38/26-27/ई टेंडर C.E/E&M

निविदा सूचना

दिनांक: 23/11/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026-UAD-551330 23-11-2026	विभिन्न झोनल कार्यालयों एवं निगम मुख्यालय में विभिन्न कक्षों व कार्यालयों में एयर कडीशनर स्थापना संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	1 माह ₹8,37,735/-	₹2,000/- ₹8,400/-	30.11.2026 5:30 PM
2	2026-UAD-551337 23-11-2026	झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के अंतर्गत बी.सी.एम. हाईट्स से शांती निकेतन तक प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	2 माह ₹4,81,478/-	₹2,000/- ₹4,850/-	30.11.2026 5:30 PM
3	2026-UAD-551343 23-11-2026	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अंतर्गत गोली कारखाना स्थित उद्यान में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (पंचम आमंत्रण)	1 माह ₹4,11,014/-	₹2,000/- ₹4,110/-	30.11.2026 5:30 PM

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर



इंदौर की 12 स्कूलों की टीमें दिखा रहीं दमखम

इंदौर। किड्स कॉलेज स्कूल में खेल उत्साह और उमंग के बीच केसीयन्स फुटबॉल ट्रॉफी 2026-27 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में इंदौर शहर के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों की अंडर-17 बालक वर्ग की फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले नॉकआउट पद्धति से आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें प्रत्येक टीम के लिए अगले दौर में जगह बनाने की चुनौती रहेगी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ किड्स कॉलेज स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं संस्थापक निदेशक एवं प्राचार्य जुही मिश्रा के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला।

अतिथियों ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। फुटबॉल जैसे टीम खेल बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग, आत्मविश्वास, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। किड्स कॉलेज स्कूल प्रबंधन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी खेल शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

क्राइस्टचर्च में टॉस की भूमिका अहम रहेगा

दूसरा टेस्ट कल से, सीरीज जीतने के लिए उतरेगी दोनों टीमें

क्राइस्टचर्च। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला क्राइस्टचर्च में खेला जाना है। शुक्रवार 27 नवंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में दोनों टीमों के लिए जीत जरूरी है, ताकि सीरीज की ट्रॉफी शेयर करने के बजाए उस पर कब्जा जमाया जा सके। टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे को अमलीजामा पहनाने से पहले टीमों ने जमकर प्रैक्टिस की । न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए, जिसमें उन्होंने मैच में टॉस की भूमिका पर अपनी राय रखी।

न्यूजीलैंड के ओपनर और कप्तान टॉम लैथम के मुताबिक टॉस अहम रहने वाला है। उन्होंने कहा कि क्राइस्टचर्च के हैगले पार्क में कभी-कभी टॉस बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। लैथम का मतलब टॉस जीतने से है, जो कप्तान को बल्लेबाजी या गेंदबाजी में से पहले क्या करना है, उसका फैसला करने का हक देता है।

वैसे क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल पर टॉस का इतिहास क्या रहा है? इस मैदान पर दिसंबर 2014 से दिसंबर 2025 के बीच कुल 15 टेस्ट खेले गए है, जिसमें से 14 बार टॉस जीतने वाली टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मतलब सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है, जब टॉस जीतने वाली टीम ने पहले बैटिंग की है।

टॉस के बाद उन 15 टेस्ट में जीत और हार की बात करें तो हैगले पार्क पर पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 4 मुकाबले जीते हैं। जबकि पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने 9 मैच अपने नाम किए हैं। वहीं, 15 में से 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। अब सवाल है कि टॉस जीतने वाली टीम क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल पर पहले गेंदबाजी की क्यों चुनती है? इसके पीछे की वजह है हैगले ओवल की पिच का मिजाज। उस पर मौजूद हरी-हरी घास, जो तेज गेंदबाजों की मददगार होती है। टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉर्केल ने भी हैगले ओवल की पिच देखने के बाद उसके उसी रूप के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि पिच काफी हरी दिख रही है और उस पर घास की परत भी थोड़ी लंबी है।



बराबरी का होगा मुकाबला-पिच क्यूरेटर

हैगले ओवल के पिच क्यूरेटर जाएडन तोहिल के मुताबिक पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए अनुकूल है। मतलब उस पर बैट और बॉल के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिल सकती है।



पंकज व अनुशा इंदौर जिले के कप्तान नियुक्त

इन्दौर। मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वाधान में अभय प्रशाल में आयोजित 69 वीं स्टेग मध्य प्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के लिये इन्दौर जिले की टीमो की घोषणा कर दी गई है। पुरुष वर्ग में पंकज विश्वकर्मा तथा महिला वर्ग में अनुशा कुटुम्बले टीमो की कप्तान होगीं।

इन्दौर जिला टेबल टेनिस के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि राज्य स्पर्धा के लिये खिलाड़ियों का चयन वर्षभर खेली गई 4 जिला रैंकिंग स्पर्धा एवं जिला चैंपियनषिप के आधार पर किया गया है। राज्य स्पर्धा में मध्य प्रदेश के करीब 25 जिलो के लगभग 500 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेष करेगें। उन्होने बताया कि इन्दौर जिले की विभिन्न आयु वर्गो में हिस्सा लेने वाली टीमो के लिये कलीम खान, अजय वानखेड़े, प्रतीश जंजीरे तथा कुणाल सिंह को प्रषिक्षक नियुक्त किया गया है। प्रमुख खिलाड़ियों को अभय प्रषाल में एक सादे समारोह में मध्य प्रदेष ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया। इस अवसर पर म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, जिला सचिव निलेष वेद व गौरव पटेल विषेष रूप से उपस्थित थे।

इक्यूपड व क्लासिक बैंच प्रेस चैंपियनशिप 1 को

इंदौर। डिस्ट्रिक्ट महिला-पुरुष इक्यूपड व क्लासिक बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है इस चैंपियनशिप मे भाग लेने वाली इंदौर कॉर्पोरेशन टीम के खिलाड़ियों के चयन हेतु 1 दिसंबर को इंदौर डिस्ट्रिक्ट सबजूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर्स इक्यूपड व क्लासिक बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन श्री राम जिम, रोबोट स्क्वेर, एम. आर. 9 पर किया जाना है। खिलाड़ियों का चयन श्रेष्ठ मे सर्वश्रेष्ठ का किया जाएगा। खिलाड़ी अपने जन्म संबंधी दस्तावेज (जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड या 10वी अंकसूची) की फोटोकॉपी एवं ओरिजनल साथ लाए। प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए निर्धारित आयु वर्ग इस प्रकार रहेगा।

विजय क्लब की शानदार जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर स्पोटस एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 35 ओवरो में सभी विकेट खोकर 158 रन बनाये । शुभम शर्मा ने आक्रामक 92 रन बनाये। कुश बिरला ने 16 रन देकर 4 विकेट एवं प्रियांशु ने 3 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब ने 27 ओवरो में 4 विकेट खोकर 162 रन बनाकर यह मैच 6 किवेट से जीत लिया।



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आरएनसीए एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें आरएनसीए ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 240 रन बनाये। दक्ष दुबे ने 77 रन एवं नमन ने 46 रन बनाये। आयुष सेप्टा ने 4 विकेट लिये। जवाब में एसएस कम्यून की टीम 29 ओवरो में 126 रनों पर सिमट गई और यह मैच 114 रनों के अंतर से हार गई । आयुष सेप्टा ने 79 रनों का योगदान दिया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। अर्नव पुंदिन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।

आईपीएल 2027 में इस दिग्गज को मिलेगी एमआई की कमान!

मुंबई। मुंबई इंडियंस के पास आईपीएल 2027 से पहले कप्तानी को लेकर बड़ी टेंशन है। पिछले सीजन कमान संभालने वाले हार्दिक पांड्या ट्रेड होकर पंजाब किंग्स में पहुंच चुके हैं। उनकी जगह भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई का हिस्सा बने हैं। हार्दिक के जाने से कप्तानी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं? हार्दिक ने एमआई को 5 बार खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में रिप्लेस किया था। लेकिन अब 16 दिसंबर को होने वाले ऑक्शन से पहले मुंबई ने कप्तानी को लेकर बड़ा हिंट दिया है।

फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक खिलाड़ी के हाथ में कैप दिख रहा है। फैंस कैप और हाथ के साथ रोहित शर्मा के नाम का अंदाजा लगा रहे हैं। हार्दिक के ट्रेड होने के बाद भी हिटमैन के नाम की चर्चा हो रही थी। रोहित को कप्तानी काफी अनुभव है। हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी सिर्फ हिंट दिया है, कोई आधिकारिक एलान नहीं किया है।



तिलक वर्मा भी हो सकते हैं विकल्प– तिलक वर्मा भी कप्तानी के लिए एक विकल्प हो सकते हैं। वह युवा हैं। उन्हें टीम इंडिया के लिए खेलने का अनुभव है। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने कप्तानी की है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मुंबई किस खिलाड़ी पर कप्तानी के लिए मोहर लगाती है।

मुंबई इंडियंस के रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट- अर्शदीप सिंह (ट्रेड होकर आए), अश्विनी कुमार, कॉर्बिन बॉश, जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर, नमन धीर, क्विंटन डी कॉक, रघु शर्मा, राज अंगद बावा, रोहित शर्मा, रयान रिकेलटन, शार्दुल ठाकुर, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और विल जैक्स।

युवक पर व्हाइटनर डालकर लगाई आग

अलाव तापने को लेकर हुआ था विवाद गंभीर रूप से झुलसा, आरोपी फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महू बस स्टैंड क्षेत्र में ठंड से बचने के लिए अलाव तापने को लेकर हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। कहासुनी और मारपीट के दौरान एक युवक ने दूसरे पर व्हाइटनर की बोतल उड़ेलकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। लोगों के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला, जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात बीती रात महू बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में हुई। घायल युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी करण पिता देवकरण निवासी बस स्टैंड क्षेत्र, महू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अलाव तापने की बात पर दोनों के बीच तकरार शुरू हुई थी। विवाद के दौरान मारपीट होते-होते आरोपी ने पीड़ित के ऊपर व्हाइटनर उड़ेल दिया और आग लगा दी। व्हाइटनर के कारण आग का तेज भभका उठा और युवक के कपड़ों में आग लग गई, जिससे उसका चेहरा, गर्दन, सीना, पीठ, हाथ और कमर बुरी तरह झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



नोटों की गड्डी का झांसा देकर महिला से जेवर ठगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एमजी रोड थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो ठगों ने एक महिला को नोटों की गड्डियां दिखाकर झांसे में लिया और उसके सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। पीड़ित महिला ने जब रुमाल खोलकर देखा तो उसमें नोटों की जगह कागज और पत्थर निकले। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, सांवेर क्षेत्र के ग्राम जेदपुरा निवासी फरियादिया मीरा बाई जाटवा पति मांगीलाल जाटवा के साथ यह घटना दोपहर करीब 12 बजे किशनपुरा पुल पर हुई। मीरा बाई नंदलालपुरा फ्रूट मार्केट रोड से होते हुए किशनपुरा पुल के पास पहुंची थीं, तभी दो अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने उनके जेवरों को ऊंचा दाम मिलने का लालच दिया और नोटों की गड्डियां निकालकर सामने रख दीं। विश्वास में आकर महिला ने कान के सोने के टॉप्स और चांदी की अंगूठी आरोपियों को सौंप दी। बदले में ठगों ने रुमाल में नोटों की गड्डी रखकर महिला को थमाई और तेजी से वहां से खिसक गए। कुछ देर बाद महिला ने रुमाल खोला तो होश उड़ गए, क्योंकि भीतर रुपयों के बजाय कागज और पत्थर रखे थे। पुलिस का कहना है कि किशनपुरा पुल, नंदलालपुरा फ्रूट मार्केट रोड और राजवाड़ा मार्ग के फुटेज देखे जा रहे हैं तथा हुलिए के आधार पर आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

कार ने ली सांड की जान

अनियंत्रित कार दुकान का शटर तोड़ घुसी, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महू थाना क्षेत्र स्थित मेहता की चाल इलाके में एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर मौजूद सांड को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सांड की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिसके बाद अनियंत्रित कार पास ही स्थित एक किराना दुकान के शटर से जा टकराई। महू पुलिस के अनुसार, पीड़ित दुकान संचालक रमेश महेश्वरी (निवासी मेहता की चाल) की शिकायत पर कार क्रमांक एमी 09 सीए 8224 के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। फरियादी ने बताया कि आरोपी चालक कार को अत्यधिक तेज गति से चला रहा था, जिसने पहले सांड को रौंदा और फिर दुकान में जा घुसा, जिससे दुकान का शटर भी पूरी तरह टूट गया। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

हार्डवेयर दुकान में भड़की आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जवाहर मार्ग स्थित सैफी चौराहा के पास देर रात एक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया। आग से दुकान में रखा कंप्यूटर सिस्टम, कागजात और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।

5 हजार लीटर पानी डालकर एक घंटे में पाया काबू

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, रात करीब 12 बजे सैफी चौराहा के पास दुकान में आग लगने की खबर मिली, जिसके बाद गांधी हॉल स्टेशन से एएसआई सुशील दुबे के नेतृत्व में टीम रवाना की गई। प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि बाहर लगे इलेक्ट्रिक पैनल में भड़की चिंगारी ने दुकान के भीतर तक आग पहुंचा दी। दमकल कर्मियों ने लगभग 5 हजार लीटर पानी की बौछार कर एक घंटे में हालात पर काबू पाया। दुकान संचालक का नाम सतीश बताया गया है। देर रात आग की लपटें उठने से आसपास के व्यापारियों व राहगीरों में खलबली मच गई थी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी; आग बुझने के बाद कारोबारियों ने राहत ली। इसी रात पंचशील नगर में कचरे में आग लगने की सूचना भी मिली थी, हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने उस पर काबू पा लिया था।

देशी पिस्टल व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सिरपुर-धार रोड स्थित एक खाली मैदान में मौजूद था, जहां पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे धर दबोचा।

पुलिस ने गश्त के दौरान खाली मैदान से पकड़े आरोपी से कर रही पूछताछ

चंदन नगर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की तलाश के दौरान सिरपुर-धार रोड के खाली मैदान में एक युवक की संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम लक्की शेख निवासी नूरानी नगर बताया। संदेह के आधार पर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस जब्त कर आरोपी लक्की शेख के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी से हथियार लाने के स्रोत और उसके मकसद को लेकर पूछताछ की जा रही है।

18 लाख के वाहन और शराब हुई जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आबकारी विभाग ने एक्ट के अन्तर्गत 36 घंटे में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब वाहनों के साथ पकड़कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 2 चार पहिया वाहन और 9 दो पहिया वाहन सहित 11 वाहन 18 लाख रु. के साथ में शराब भी जब्त की गई। इस कार्रवाई में आबकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग रहा और वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक तिवारी का मार्गदर्शन भी मिला।





फांसी लगाकर दी जान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक होटल कर्मचारी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और रोजगार के सिलसिले में इंदौर आकर होटल में काम कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और खुदकुशी के कारणों की पड़ताल की जा रही है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, मृतक युवक की पहचान पवन पिता परसराम (18) मूल निवासी बिहार के रूप में हुई है। वह लसूड़िया क्षेत्र की एक होटल में कार्यरत था। पवन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बुजुर्ग महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 71 में बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए और सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन तथा नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, सेक्टर-ए स्कीम नंबर 71 निवासी फरियादिया शोभना चेतन्य (70 वर्ष) ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि अज्ञात बदमाश उनके सूने मकान का मुख्य ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, चांदी के बर्तन और कुछ नकदी चुराकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। द्वारकापुरी पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए हैं।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com